हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, मंगलवार 19 नवंबर 2024



### कस्टम मिलिंग की दर हुई आधी, बढ़ती महंगाई के बीच कटौती से नाराजगी

# मिलिंग से तौबा: दो साल से भुगतान अटका, दर में कटौती से मिलर्स नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान की सरकारी खरीदी शुरू होने के साथ ही कस्टम मिलिंग की तैयारियों में जुटे प्रशासन को एक बार फिर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दो साल का भुगतान नहीं होने के चलते अविभाजित जिले के राईस मिलर्स ने कस्टम मिलिंग का अनुबंध करने से हाथ खड़े कर दिए हैं। वहीं राज्य शासन द्वारा मिलिंग की दर में की गई कटौती से मिलर्स नाराज हो गए हैं। मिलर्स का साफ तौर पर कहना है कि बढ़ती महंगाई के बीच शासन द्वारा लिया गया यह निर्णय पूरी तरह अव्यवहारिक है।

धान खरीदी के पहले सोसायटी कर्मियों द्वारा किए गए हड़ताल के चलते खरीदी केंद्रों की तैयारियां बुरी तरह प्रभावित हुई है। इस हड़ताल के खत्म होने के बाद गुरुवार से धान खरीदी शुरू होने के साथ ही प्रशासन ने अब मिलिंग के लिए राईस मिलर्स की एक बैठक ली है। इस बैठक में जिलेभर के राईस मिलर्स ने साफ तौर पर कह दिया है कि उन्हें दो साल का भुगतान नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में वे इस बार मिलिंग नहीं कर पाएंगे। इधर कांग्रेस सरकार ने कस्टम मिलिंग की दर में अच्छी खासी बढ़ोतरी की थी। मिलर्स को प्रति क्विंटल कस्टम मिलिंग पर 120 रुपए दिए जा रहे थे। इस साल शासन ने कस्टम मिलिंग की दर कम कर दी है। अब प्रति क्विंटल मिलर्स को 60 रुपए दिए जाएंगे। कस्टम मिलिंग की दर में कटौती से राईस मिलर्स नाराज हैं। मिलिंग दर में कटौती से पूरे प्रदेश की राईस मिलों में संकट मंडरा रहा है। मिलर्स का कहना है कि महंगाई लगातार बढ़ रही है। पांच साल में बिजली बिल, हमाली, मशीनों के दाम सहित सभी चीजें काफी महंगी हुई है। उधर शासन ने मिलिंग को पांच साल पुरानी दर पर वापस ला दिया है। ऐसे में मिलर्स को आर्थिक संकट से जूझना पड़ेगा। कई मिलों में ताला लग सकता है।

## उपार्जन केंद्रों में पहुंचा पौने चार लाख क्विंटल धान, आवक तेज

**अब तक इतनी खरीदी**

धान खरीदी के दूसरे दिन सोमवार तक राजनांदगांव जिले में 4874 किसानो से 221510 क्विंटल धान खरीदी हो चूकी है। खैरागढ़ जिले में 2461 किसानो से 128171 क्विंटल धान खरीदा जा चूकां है। वहीं मोहला मानपुर जिले में 531 किसानो से 23104 क्विंटल धान की खरीदी हो चूकीं है। आवक में अब और तेजी देखने को मिलेगी।



**दोष सिद्ध मिलरों के पंजीयन पर लगेगी रोक :** इधर केंद्र सरकार के धान खरीदी को लेकर बनाए इस बार सख्त नियम से मिलरों की दिक्कतें बढ़ सकती है। खासकर ऐसे मिलर्स जो तीन साल के भीतर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत किसी अपराध में दोष सिद्ध पाए गए हैं तो उनका पंजीयन किसी भी हालत में नहीं किया जा सकेगा। इस पर रोक लगा दी गई है। ऐसे सख्त नियम से कई मिलर बाहर भी हो सकते हैं।

**परिवहन नहीं होने से अटकेगी खरीदी!** अविभाजित राजनांदगांव जिले में इस बार धान खरीदी के दौरान कुल 14398930 क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य शासन द्वारा तय किया गया है। इसमें सर्वाधिक 7737560 क्विंटल धान राजनांदगांव जिले में खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं मोहला-मानपुर जिले में 2397870 लाख क्विंटल एवं खैरागढ़ जिले में 4263500 क्विंटल धान खरीदी का टारगेट तय किया गया है। ऐसे में परिवहन की प्रक्रिया प्रभावित होने से पूरी धान खरीदी की प्रक्रिया ही पटरी से उतर सकती है।

### एक भी पंजीयन नहीं

धान खरीदी शुरू होने से पहले ही राईस मिलर्स ने कस्टम मिलिंग करने में असमर्थता व्यक्त कर दी है। बुधवार से मिलर्स का कस्टम मिलिंग के लिए पंजीयन भी शुरू किया गया है, लेकिन समस्याओं को देखते हुए मिलर्स पंजीयन के लिए सामने नहीं आ रहे हैं।

### परिवहन दर में भी कटौती

राज्य शासन ने मिलिंग के दाम को आधा करने के साथ-साथ परिवहन दर में भी कटौती कर दी है। 25 किलोमीटर के भीतर धान और चावल का परिवहन करने पर मिलर्स को 14 रुपए प्रति किलोमीटर की दर से भुगतान किया जाएगा। मिलर्स का कहना है कि इस रेट से ज्यादा हमाली की दर है। ऐसी स्थिति में उन्हें परिवहन में भी घाटा उठाना पड़ेगा।

### समय पर चावल जमा नहीं करने पर अब पेनाल्टी

*कस्टम मिलिंग की नई नीति के अनुसार समय पर चावल जमा नहीं करने पर राईस मिलर्स को पेनाल्टी जमा करना होगा। मिलर्स ने बताया कि वे तो चावल जमा करने के लिए तैयार रहते हैं, लेकिन एफसीआई के डिपो पैक हो जाते हैं। ऐसे में वे चाहकर भी चावल जमा नहीं कर पाते हैं। चावल जमा नहीं होने पर उन्हें बिना गलती के ही पेनाल्टी भरना पड़ेगा।*



## पैरामेडिकल/नर्सिंग/स्वास्थ्य कर्मचारी में प्रवेश हेतु आवेदन सूचना (2024-25)

**कार्यालय संचालक, केंद्र क्रमांक 86549 मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस MIPS रायपुर, (छ.ग.)**

छ.ग. के विभित्र प्राइवेट चिकित्सालयों में पैरामेडिकल स्वास्थ्य कर्मचारी एवं हॉस्पिटल प्रबंधन कर्मी की पूर्ति हेतु संस्थान एक एवं दो वर्षीय राष्ट्रीय कौशल विकास द्वारा संचालित कोर्स के अंतर्गत में कक्षा 12वीं (पास/फेल कोई भी विषय से हो) छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों (रायपुर धमतरी, बिलासपुर, सरायपाली, जांजगीर) के केन्द्रों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित।

**केन्द्रों के नाम पाठ्यक्रम एवं कुल सीटे**

| केंद्रो की सूचि | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ओटी टेक्नीशियन | ईएमटी/ MPHW | नर्सिंग अस्टिटेंट/ नर्सिंग सुपरवाइजर | डिप्लोमा इन डायलिसिस | डिप्लोमा इन योगा टेक्नीशियन | ड्रेसर/ वार्ड ब्वाय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 40 सीट | 20 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| धमतरी | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| बिलासपुर | 40 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| सरायपाली | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| जांजगीर | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |

आवेदन हेतु 10वीं 12 वीं कक्षा (किसी भी विषय) में न्यूनतम प्रतिशत :- अनु. जनजाति 42%, अनु. जाति हेतु 45%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सैनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

**नोट** :- **1.** आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट से भरे । साथ ही 25 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि एक ही स्वीकार किया जाएगा) **2.** चयनित उम्मीद्वारों को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा। **3.** केवल आवेदक ही काउंसिंग हेतु पात्र होंगे। **4.** 10वीं / 12वीं. ओपन परीक्षा दिए हुए विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते है। **5.** किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि : 30/12/2024 तक**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि : 05/01/2025 तक**

**आवेदन हेतु पात्रता**

प्रति,
संचालक
शाखा प्रबंधक NSDC/SDMS केंद्र क्रमांक 86549
मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस रायपुर, (छ.ग.)
पिनकोड- 492013

महोदय__________ पाठ्यक्रम में चयन हेतु में अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रहीं हूं।
आवेदक का नाम__________
पिता/पति__________ जन्म तिथि__________
वर्ग अनुज जाति__________ अनु जाति__________ अन्य पि. वर्ग__________
सामान्य__________ पत्र व्यवहार का पता__________
__________ पिन कोड__________
मो. नं.__________ बाट्सअप नं__________
पालक का मो. न__________ कक्षा 12वीं उत्तीर्ण वर्ग__________
में प्राप्त अंक__________ कुल प्रतिशत__________ मार्गदर्शन हेतु दूरभाष नं.__________
हस्ताक्षकर__________ पालक का हस्ताक्षर__________

**कार्यालय का पूरा पता। क्षेत्रीय कार्यालय, मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस (MIPS) जलगृह मार्ग, शीतला चौक के पास भाटागांव रायपुर, (छ.ग.)**


# चोरी का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मोबाइल टावर परिसर में हुई चोरी के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिससे चोरी का सामान बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि कोई अज्ञात चोर ग्राम सोमनी के आईडिया मोबाइल टावर परिसर में लगे एसी के कंडेंशर व कम्प्रेशर कीमती करीबन 20,000 रुपए को चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया था।

### सामान बरामद

इस मामले में सोमनी पुलिस का टीम गठित कर आरोपी पता तलाश किया जा रहा था। पता तलाश के दौरान एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए मिला, जिसे पकड़कर कड़ाई से पूछताछ किया गया, जो अपना नाम मो. अनस खान 22 वर्ष साकिन समर गार्डन 60 फूंटा रोड हरी मस्जिद थाना लिसाडी मेरठ उप्र हाल राज टाकिज के सामने गली तालाबपारा मौदहापारा रायपुर का रहने वाला बताया। वह 16 नवंबर को रात्रि में ग्राम सोमनी स्थित मोबाइल टावर परिसर में लगे एसी के कम्प्रेशर व कंडेंसर को अपने पास रखे प्लास व पेंचकस से खोलकर अपने एक्टिवा में रखकर चोरी करना बताया। आरोपी के कब्जे से पर चोरी की गई संपत्ति कम्प्रेशर, कंडेंशर कीमती लगभग 20,000 रुपए व चोरी में प्रयुक्त पलास, पेंचकश व एक्टिवा को जब्त कर आरोपी की गिरफ्तारी की कार्यवाई कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

### दो सौ अफसर-कर्मचारी संभालेंगे जिम्मा

# आरक्षक भर्ती में शामिल होंगे चार जिलों के 65 हजार युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस की वर्दी पाने की इच्छा रखने वाले युवाओं को अब अपने सपने पूरे करने का अवसर मिल गया है। राजनांदगांव जिले सहित प्रदेशभर में 5967 पदों पर आरक्षक भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिले में मोहला-मानपुर, खैरागढ़, कवर्धा सहित राजनांदगांव जिले के लगभग 65 हजार अभ्यर्थी अगले एक महीने में अपनी शरीरीक दक्षता साबित करने के लिए फिजिकल टेस्ट में शमिल होंगे। प्रक्रिया को बेहतर तरीके से संचालित करने के लिए जिला पुलिस बल के करीबन दो सौ पुलिस अफसर एवं कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

उल्लेखनीय है कि आरक्षक भर्ती प्रक्रिया वर्ष के तहत राजनांदगांव, कबीरधाम, मोहला-मानपुर, खैरागढ़ एवं पीटीएस राजनांदगांव के रिक्त पदों के लिए हो रही है। छत्तीसगढ़ शासन एवं पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार आरक्षक भर्ती प्रक्रिया 8वीं वाहिनी भारत रक्षित प्रांगण/मैदान में आयोजित की गई है। यह प्रक्रिया जिले में 16 नवंबर से 23 दिसंबर तक चलेगी। इस दौरान सभी अभ्यर्थियों का शारीरिक दक्षता परीक्षा ली जाएगी। आरक्षक भर्ती प्रकिया की शरीरिक दक्षता टेस्ट प्रारंभ होने के पूर्व एसपी मोहित गर्ग द्वारा भर्ती प्रकिया स्थल का निरीक्षण किया गया एवं ड्यूटी में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों को ब्रीफ किया गया।



**इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का उपयोग :** आधुनिकता के इस दौर में आरक्षक भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता के लिए इवेंट में इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस का उपयोग किया जा रहा है। इसके साथ ही सभी इवेंट की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है। चार जिलों के 65539 अभ्यर्थी इस भर्ती प्रक्रिया में शामिल होंगे।

**किसी को भर्ती के लिए न दे पैसे**

अक्सर यह देखा जाता है कि किसी भी सरकारी पद के लिए भर्ती प्रक्रिया के दौरान ठग भी एक्टिव हो जाते हैं। अभ्यर्थियों से भर्ती का वादा कराकर मोटी रकम ऐंठ लेते हैं। ऐसे में पुलिस विभाग ने जनता से अपील की है कि आरक्षक भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष और पादर्शिता से हो रहा है। पुलिस भर्ती के नाम पर किसी को रुपए ना दें और कोई भर्ती कराने के लिए रुपए की मांग करता है तो तत्काल पुलिस कन्ट्रोल रूम या अपने नजदीकी पुलिस थाना को सूचना दें।

# महिला से छेड़छाड़ आरोपी गिरफ्तार

**खैरागढ़।** एक महिला से छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थिया उम्र 36 वर्ष ने 1 अक्टूबर को लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि पीड़िता अपने घर से पानी भरने गांव के बोरिंग में गई थी। उसी दौरान अमीरलाल सोनवानी ने प्रार्थिया को अकेली देखकर छेड़खानी किया। रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में धारा 74, 76 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आरोपी अमीरलाल सोनवानी 40 वर्ष को हिरासत में लेकर घटना के बारे में पूछताछ किया गया। आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी अमीरलाल सोनवानी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

# नाले में मृत मिला युवक, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के आउटर में नाले में एक युवक मृत अवस्था में पड़ा देखा गया। जिससे आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे के समीप एक बड़े होटल के सामने नाले में एक व्यक्ति मृत अवस्था में देखा गया। पुलिस के अनुसार मृतक की शिनाख्ति राजेश साहू 35 वर्ष रेवाडीह निवासी के रूप में की गई है। पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

मामले की जांच की जा रही है। पुलिस को संदेह है कि उक्त युवक नाले में गिर गया होगा।


**संजीवनी नर्सिंग होम**

**हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल**

**डॉ. किशोर सांगोड़े**
MBBS, MD (Internal Medicine)

- ब्लड प्रेशर
- शुगर
- थायराइड
- बुखार
- खांसी
- छाती रोग
- पेट रोग
- किडनी
- लकवा
- माइग्रेन
- श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या
- नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ

**OPD 10 AM to 4.00 PM**

आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365





## खबर संक्षेप



### दिवाली मिलन समारोह आयोजित

**डोंगरगढ़।** महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज ने दीपावली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया। समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र मस्के ने संचालन किया। मुख्य अतिथि आरके बहेकर थे। संत नरहरी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। पदाधिकारियों एवं समाज के सदस्यों ने पुष्पांजलि अर्पित कर संत को नमन किया। इस मौके पर रंगोली, कुर्सी दौड़ , मराठी भाषा प्रतियोगिता आयोजित किया गया। अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

### परिहार टाइटन ने जीता स्पर्धा

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ फुटबाल लीग टूर्नामेंट में परिहार टाइटन ने जीत हासिल किया। न्यू फ्रेण्ड्स क्लब एवं रेल्वे इंस्टिट्यूट डोंगरगढ़ द्वारा आयोजित स्पर्धा में 6 टीमों ने भाग लिया। पर्ची निकालकर टीम का गठन किया गया। टीम को 2500 रूपए देकर खरीदा गया। टीम लेने वाले डॉ. अनुपम बिश्वास, तुलसी सिन्हा, सागर रामटेके, के विनायक राव, राजा, शुभम परिहार थे। फाइनल में विनायक राव (अन्ना बी) और शुभम परिहार (परिहार टाइटन) टीम पहुंची। बहुत रोमांचक पूर्ण मैच हुआ। पेनाल्टी शूट में 8-9 से शुभम परिहार ने विजयी हासिल किया। समापन के मुख्य अतिथि बीके तिवारी, विशिश्ट अतिथि के बाबूराव, दीपक समुन्द्रे, वेंकट स्वामी थे।

### प्रदर्शनी में सराहनीय माडल प्रदर्शित



**डोंगरगढ़।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरतलाव की विज्ञान शिक्षिका काजल यादव के निर्देशन में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। छात्रों ने रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, चन्द्रयान, जल विद्युत, राईस मिल, पवन चक्की, सौर मंडल, भूकम्प मॉडल, पाचन तंत्र, वाटर साइकल, मॉडल सिटी आदि के मॉडल तैयार कर प्रदर्शित किए। पूजा उइके, विभा मारकंडे, लक्की दमाहे, अनेश कंवर, संदीप यादव, देव यादव, वैदेही सहारे, योगेश वर्मा के मॉडल विशेष सराहनीय रहे। कार्यक्रम का निर्देशन व संचालन काजल यादव ने किया।

### केन्द्रीय विद्यालय में दादा-दादी, नाना- नानी दिवस



**डोंगरगढ़।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में प्राचार्य एसआर कुजूर के नेतृत्व में दादा- दादी, नाना-नानी दिवस मनाया गया। केन्द्रीय विद्यालय संगठन अपनी परम्परा अनुसार प्रतिवर्ष इस प्रकार कार्यक्रम आयोजित कर अपनी संस्कृति से परिचित कराना एवं बड़ों के प्रति आदर भाव सिखाने का प्रयास करता है। कार्यक्रम का आगाज प्राचार्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्राथमिक विभाग के शिक्षक टीपी ठाकुर ने पुष्प गुच्छ देकर प्राचार्य का स्वागत किया एवं दादा- दादी, नाना-नानी पर अपने विचार रखे। विद्यालय के बच्चों ने कविता, नृत्य, नाटक एवं भाषण के माध्यम से अपने अग्रजो का सम्मान एवं आदर का भाव प्रस्तुत किया। इस दौरान खेल प्रतियोगिता में दादा-दादी, नाना-नानी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं अपने अनुभव साझा किया। रामनाथ भैसारे एवं फूलेश्वरी महोबिया ने विद्यालय के क्रियाकलापों की सराहना किया। अंत में संगीत शिक्षक संजू नागदेवे ने छत्तीसगढ़ी गीत प्रस्तुत किया।

# झोपड़ीनुमा झाला में चल रही मगियाटोला की सरकारी पाठशाला

## मांग के बाद भी प्रशासन नहीं बना रहा नया शाला भवन

राधेश्याम शर्मा ⏭ छुरिया

शिक्षा को विकास का आधार माना जाता है। प्रशासन आदिवासी अंचल में शिक्षा के लिए सभी सुविधा मुहैया कराने का दावा करता है किन्तु उसके दावे की पोल ब्लाक के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत गेरूघाट के आश्रित ग्राम मगियाटोला के स्कूल की दशा से खुल जाती है। ब्लाक मुख्यालय से 12 किलोमीटर की दूरी पर ग्रामपंचायत गेरूघाट है। उसके अधीन आने वाले मंगियाटोला में प्राथमिक शाला संचालित है। यहां के आदिवासी बच्चे झोपड़ी नुमा झाला में पढ़ाई करने मजबूर हैं।

गेरूघाट के ग्राम पटेल चेतनराम कुंजाम, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष धर्मेन्द्र पडोटी, उपाध्यक्ष उमेश कंवर, उमेन्दसिंह खुरश्याम, बीरसिंग मंडावी, रामलाल नेताम एवं पूनत राम कुमरे आदि ने बताया कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के विकास का खूब ढिंढोरा पीटा जा रहा है किन्तु जमीनी हकीकत यह है कि लोगों का इसका लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक शाला मंगियाटोला में 30 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत है। यहां बच्चों को पढ़ाने के लिए 2 शिक्षक हैं।

शिक्षकों के कार्य में कोई कमी नहीं है। बच्चों की पढ़ाई एवं खेलकूद का स्तर उत्कृष्ट है, लेकिन सबसे बड़ी समस्या सर्व सुविधायुक्त शाला भवन की है। मंगियाटोला में कनिष्ठ शाला का शुभारंभ 1992-93 में किया गया था। पांच साल बाद में उसे प्राथमिक शाला का दर्जा दिया गया।

यहां शाला भवन का निर्माण हुआ था जो अब अत्यंत ही जर्जर अवस्था में है। सन 2008 में भवन की मरम्मत किया गया था।

### अब सड़क पर उतरेंगे ग्रामीण

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि शाला संबंधी समस्या से उन्होंने सांसद संतोष पाण्डेय, कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी को अवगत करा दिया है। ज्ञापन सौंपने के बाद भी अब तक भवन निर्माण की दिशा में कोई पहल नहीं हुई है। प्रशासन के उपेक्षा पूर्ण व्यवहार को देखते हुए ग्रामीण अब छुरिया-बंजारी मार्ग पर चक्काजाम करने की तैयारी में हैं।



**खतरनाक हुआ भवन**

अति जर्जर हो चुके भवन की छत की मलमा टूट कर गिरने, छड़ बाहर निकलने से भवन खतरनाक स्थिति में है। मुख्य दरवाजा के चैनल गेट टूट चुका है। चैनल गेट के टूटने से चोरी होने की आशंका बनी रहती है। भवन की जर्जर स्थिति को देखकर शाला के समीप आदिवासी किसान लखन लाल मंडावी के खलिहान में बने झोपड़ी नुमा झाला में शाला संचालित हो रही थी।

### मिंजाई से पढ़ाई बाधित

धान कटाई एवं मिंजाई के समय शाला संचालन करने दिक्कत आती है। यहां के बच्चे पढ़ना चाहते है किन्तु भवन के अभाव में उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्राम में महिला मंडल भवन है जिसका उपयोग खाद्यान्न गोदाम एवं वितरण केन्द्र के रूप में किया जा रहा है।

### शौचालय तक नहीं

ग्रामीणों ने बताया कि शाला भवन के साथ रसोई कक्ष एवं बालक-बालिका शौचालय भी जर्जर हो गए हैं। रसोई कक्ष में बरसात के मौसम में पानी टपकने से मध्यान्ह भोजन पकाने में रसोईयों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बालक-बालिका शौचालय के जर्जर होने से शिक्षकों एवं बालक-बालिकाओं को परेशानियों से दो चार होना पड़ता है। स्वच्छ भारत मिशन के जारी होने के बाद भी बच्चों को शौच के लिए झाड़ी में जाना पड़ता है जो बेहद शर्मनाक है।

## पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पहुंचे सांगिनकछार, दिए जरूरी निर्देश

# डायरिया से तीन की मौत दर्जनभर से ज्यादा प्रभावित

## स्वास्थ्य विभाग की टीम रख रही नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

ब्लाक के अधीन आने वाले सागिनकछार में बीते एक पखवाड़े से ग्रामीण उल्टी दस्त से पीडित हो रहे है। ग्राम में 15 दिनों में तीन लोगों की मौत हो चुकी है वहीं 20 से अधिक के प्रभावित होने की पुष्टि हो चुकी है। छह को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए जिला हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार सागिनकछार में डायरिया के प्रकोप की जानकारी मिलने पर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने गांव पहुंचकर प्रभावित ग्रामीणों का हालचाल जाना और उनकी समस्याएं सुना। उन्होंने प्रभावितों की जांच और उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैंप में जाकर मेडिकल सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को सभी का समुचित उपचार करने के निर्देश दिए।



### गांव में स्वास्थ्य विभाग का कैंप

बीएमओ डां. रागिनी चन्द्रे ने बताया कि सांगिनकछार में मेडिकल कैंप लगाकर मरीजों का टेस्ट तथा इलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पानी का सैंपल लेकर टेस्ट के लिए भेजा गया है। मेडिकल टीम ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर लगातार नजर बनाए हुए है। निरीक्षण के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, सरपंच पुनीता वर्मा, नीलकंठ यादव, पुरुषोत्तम वर्मा, नरेश वर्मा, फ़गनूराम साहू, कार्तिकराम साहू, बिहारी सिन्हा, सीताराम सिन्हा, कृष्ण वर्मा, टेकराम वर्मा, रेवाराम वर्मा , मनोबोधी वर्मा, बंशी वर्मा, रेणुका साहू, कमला बाई, खिलेश्वर साहू, रेवती वर्मा, वीना वर्मा आदि मौजूद थे।

**अब तक तीन की मौत**

जानकारी के अनुसार सागिनकछार में अब तक डायरिया से 20 से अधिक ग्रामीणों के प्रभावित होने की पुष्टि हो चुकी है। गंभीर रूप से पीड़ित 6 मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया जा चुका है। ग्राम में 3 मरीज 36 वर्षीय ममता, 74 साल के ताजूराम साहू और 54 वर्षीय हरिचंद की मौत हो चुकी है। अन्य प्रभावितों का घर में इलाज किया जा रहा है।

# आस्था का प्रतीक है माता देवाला यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



कांग्रेस नेता विष्णु लोधी गत दिनों ऐतिहासिक माता देवाला यात्रा में शामिल हुए। इस धार्मिक यात्रा का आयोजन विधायक दलेश्वर साहू कर रहे थे। इस पहल के लिए श्री लोधी ने विधायक का आभार व्यक्त किया।

श्री लोधी ने माता के दर्शन और पूजन के बाद क्षेत्रवासियों से चर्चा किया। इस मौके पर विधायक साहू ने तृतीय चरण की माता देवाला यात्रा का महत्व बताते हुए कहा कि सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

यात्रा में गुलाब वर्मा, पुष्पा वर्मा, महेन्द्र यादव, सुरेश सिन्हा, होमदत्त वर्मा, मोती वर्मा, चेतन साहू, मनहरण सिन्हा, सुरज कौशल, कमल सिन्हा, रामानंद साहू, दिलीप वर्मा, सेवक साहू, बृजलाल वर्मा, अश्वनी वर्मा, महेन्द्र नगपुरे, मोहनी साहू, गोवर्धन वर्मा, कन्हैया सिंह, नारायण सिंह, सोनू राम मंडले, दीनू जोशी, रघुनंदन वर्मा, गणेश वर्मा, बागेश्वर वर्मा, मदन मोहन साहू, मोरध्वज वर्मा, धर्मचंद, जयचंद ठाकुर, दीपक सिंह, रामखेलावन साहू, मिथिलेश सिंह, मनोज जोशी, गणपत महिपाल, जनक वर्मा, भगवा वर्मा, नारायण वर्मा, बाबूलाल पटेल, ईश्वर लोधी, कमल किशोर लोधी, दुखी वर्मा, बिसून वर्मा, गया वर्मा, चंदू नेम, सुदामा वर्मा, भोंदू वर्मा, राधेश्याम वर्मा, खेमचंद साहू, मानिक साहू, बसंत साहू, जंगल वर्मा, गणेश वर्मा, जनक वर्मा, रेवा वर्मा, विश्राम वर्मा आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

**पाठक सूचना**
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

# इंदिरा स्मारक की पट्टिका हटाने पर गहराया विवाद

## कांग्रेसी खड़े कर रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

कांग्रेस का विधायक होने के बाद भी कांग्रेस के ख्यातिप्राप्त दिवंगत नेताओं का लगातार तिरस्कार हो रहा है। हैरानी वाली बात यह है कि यह सब होने के बाद भी जिम्मेदार नेता मौन साधे हुए हैं। हाल ही में ग्राम पंचायत अर्जुनी में पहली महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की स्मारक से लोकार्पण पट्टिका को हटाने का मामला सामने आया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले तत्कालीन महिला एवं बाल विकास मंत्री गीतादेवी सिंह की पहल पर निर्मित और कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा लोकार्पित महिला भवन को व्यवसायिक परिसर में तब्दील कर दिया गया है।

ग्राम पंचायत अर्जुनी के पूर्व सरपंच और पूर्व जनपद सदस्य ताराचंद छाजेड़ सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि 17 साल पहले ग्राम के बाजार एरिया में श्रीमती गांधी की प्रतिमा की स्थापित किया गया था। प्रतिमा की सुरक्षा के लिए चारदीवारी सहित लोहे का प्रवेश द्वार लगाया गया था। लोकार्पित करने के बाद मौके पर पट्टिका जिसमें अतिथियों के नाम एवं पद अंकित था को लगाया गया था। श्री छाजेड़ ने बताया कि उनके सरपंच बनने के बाद पंचायत के कोने में पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती गांधी की प्रतिमा पड़ी होने की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने पंचायत मद से स्मारक का निर्माण कर प्रतिमा स्थापित करवाया था। वर्तमान में उक्त स्थल को जीर्णोद्धार के नाम पर स्तरहीन टाईल्स लगाकर लोकार्पण पट्टिका को नष्ट कर दिया गया। उन्होंने इस मामले की शिकायत पार्टी एवं उच्च कार्यालय से करने की बात कही है।

जानकारी के अनुसार बीते वर्ष विधायक दलेश्वर साहू ने 60 हजार का अनुदान उक्त स्मारक स्थल के जीर्णोद्धार के लिए दिया था। जीर्णोद्धार के नाम पर लोकार्पण पट्टिका को नष्ट कर दिया गया है। इस मामले को लेकर कांग्रेसजनों में गहरा असंतोष देखा जा रहा है।



### जानकारी होने से इंकार

वर्तमान सरपंच द्रोपती साहू ने बताया कि उक्त कार्य को पंचायत प्रस्ताव कर एक पंच के माध्यम से कराया गया था। लोकार्पण पट्टिका की जानकारी उन्हे नहीं है। यदि पट्टिका ग्राम पंचायत में कहीं रखी होगी तो उसे वापस लगा दिया जाएगा।

### नेताओं का अपमान

श्री छाजेड़ ने तीखे आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा के लोकार्पण चिन्हों को हटाकर उनकी गरिमा खंडित करने का प्रयास किया गया है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इस बात की शिकायत पार्टी फोरम में किया जाएगा।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS | PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### महिला खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन

**अंबागढ़ चौकी।** स्थानीय लाल चक्रधर शाह महाविद्यालय में गत दिनों महिला खो खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दिग्विजय कॉलेज, कमला कॉलेज राजनांदगांव, छुईखदान, गंडई, खैरागढ़, डोंगरगढ़, छुरिया, मोहला, डोंगरगांव, चिल्हाटी, अंबागढ़ चौकी, बाजार अतरिया, ठेलकाडीह, कन्या महाविद्यालय खैरागढ़ की टीम ने भाग लिया। स्पर्धा का उद्घाटन जिला भाजपा महामंत्री दिलीप वर्मा, विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी ने किया। अध्यक्षता जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष कांशी निषाद ने की। पहला सेमीफाइनल अंबागढ़ चौकी और डोंगरगांव के मध्य खेला गया जिसमें अंबागढ़ चौकी ने जीत हासिल किया।



### गन्ना के मड़वा में तुलसी का ब्याह

**पटेवा।** सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल पटेवा में देव उठनी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल परिसर में स्थापित तुलसी चौरा की पूजा अर्चना करने के बाद गन्ने का मड़वा सजाकर तुलसी विवाह किया गया। भैया बहनों को तुलसी विवाह से संबंधित प्रचलित कथाओं से अवगत कराया गया। प्राचार्य रोहित निर्मलकर ने संस्कृति को बचाए रखने का संदेश देते हुए तुलसी विवाह पर प्रकाश डाला। उन्होंने तुलसी के लाभ की जानकारी दी। लक्ष्मी गुप्ता ने तुलसी कथा की जानकारी दी। खुशबु कुर्रे ने भी तुलसी के लाभ से अवगत कराया। इस अवसर पर संजीव वर्मा, डोमेन्द वर्मा, इंदिरा वर्मा, अनिता पाल, नेमा वर्मा, विनय साहू, यामिनी सूर्यवंशी आदि उपस्थित थे।



### बाल संस्कार पाठशाला का शुभारंभ

**डोंगरगांव।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में बाल संस्कार पाठशाला आरंभ किया गया है। पाठशाला का शुभारंभ जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा के आतिथ्य में किया गया। बुंदेश्वरी साहू के नेतृत्व एवं भेषकुमारी साहू, विभा साहू के प्रयास से आरंभ पाठशाला में कक्षा 5 से 10 तक के छात्र-छात्राओं को संस्कारित बनाने का प्रयास किया जाएगा। संस्कारों का बीजारोपण करने प्रत्येक रविवार को कक्षा लगेगी। अब तक 20 छात्र पंजीयन करा चुके है। आचार्य के रूप में भेषकुमार और विभा साहू अपनी सेवाएं निः शुल्क देंगी। समय समय पर बुंदेश्वरी साहू और श्री सिन्हा भी मार्गदर्शन देंगे। शुभारंभ के मौके पर चंद्रकांति साहू, नीलिमा सिन्हा, मालती यादव, रिचा सिन्हा आदि मौजूद थी।



### गांधी ने किया भाजपा का सघन प्रचार

**डोंगरगांव।** जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने गत दिनों आमगांव देवरी विधानसभा क्षेत्र के अधीन आने वाले ग्रामों में चुनाव प्रचार किया। जिले की सीमा से लगे गांवों में चुनाव प्रचार करते हुए श्री गांधी ने छत्तीसगढ़ी में सभा को संबोधित करते हुए मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में करने का प्रयास किया। उन्होंने ककोडी, महाका, लेडीजोब, मिसपिरी, जपकसा में डोर टू डोर प्रचार किया। उन्होंने लाडली लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को 21 सौ, किसान सम्मान निधि 15000 तथा किसानों का कर्जा माफी के वादे से अवगत कराया। इस दौरान रविंद्र वैष्णव, मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, रामेश्वर पदम, यदु बकचोरिया, महेन्द्र मोनु मोहबंशी, तुलसी भारतद्वाज, ईश्वर, मनोज आदि उपस्थित थे।



## 33 टीमों के 1064 प्रतिभागी खेल प्रतिभा का करेंगे प्रदर्शन

# राष्ट्रीय शालेय स्पर्धा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

महापौर हेमा देशमुख ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ दिग्जिवय स्टेडियम राजनांदगांव में किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व उपाध्यक्ष बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति खूबचंद पारख, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित अग्रवाल उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने ध्वजारोहण कर आसमान में गुब्बारे छोड़े। तत्पश्चात खिलाड़ियों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

पूर्व उपाध्यक्ष बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति खूबचंद पारख ने कहा कि खिलाड़ी प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय देने आए हैं। प्रतियोगिता में कोई जीतता है तो कोई हारता है। उन्होंने कहा कि जो जीतता है, उसके लिए अपनी जीत को बरकरार रखना बहुत बड़ी चुनौती होती है। जबकि जो हारता है उसे शिखर तक पहुंचने केवल कोशिश करनी पड़ी है। उन्होंने सभी टीमों को अनुशासन में अपने बेहतर प्रदर्शन करने कहा। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल अनुशासन के दायरे में रहकर खेल भावना से अपने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट और श्रेष्ठ प्रदर्शन करने कहा।



### 22 नवंबर तक आयोजित होगी स्पर्धा

उल्लेखनीय है कि जिले में 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 18 से 22 नवबंर तक आयोजित की गई है। प्रतियोगिता में बॉस्केटबॉल बालक 14 व 17 वर्ष एवं बालिका 14 वर्ष के मैच दिग्विजय स्टेडियम में खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में देश के 33 राज्यों एवं संस्थाओं की टीमें हिस्सा ले रही है। प्रतियोगिता में आंध्रप्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एंड कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम, उड़ीसा, पुडुचेरी, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल राज्यों के साथ सीबीएसई डब्ल्यूएसओ, सीबीएसई, सीआईएससीई, डीसीएमसी, आईटीजीएस स्पोर्ट्स आर्गनाजेशन, आईपीएससी, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय समिति, विद्याभारती के अलावा मेजबान छत्तीसगढ़ की टीम ने भाग लिया है।

### 1064 प्रतिभागी शामिल

प्रतियोगिता में बॉस्केटबॉल 14 वर्ष में 336 बालक, 17 वर्ष में 383 बालक एवं 14 वर्ष में 345 बालिकाओं सहित कुल 1064 प्रतिभागी शामिल। इस अवसर पर एसडीएम खेमलाल वर्मा, सहायक संचालक शिक्षा संगीता राव, प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी देवेन्द्र सिंह ठाकुर, समाजसेवी राजेन्द्र गोलछा सहित विभिन्न राज्यों से आए कोच एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित थे।

### इच्छाएं और सपने कभी नहीं होने चाहिए खत्म

महापौर हेमा देशमुख ने राजनांदगांव में देश के अलग-अलग राज्यों से आए खिलाड़ियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हमारा देश सबसे खुबसूरत देश के रूप में जाना जाता है। हम सब जानते है कि अनेकता में एकता भारत की विशेषता है। अलग-अलग राज्यों की अलग-अलग भाषा, पहनावा अपने आप में खुबसूरत होती है और सभी एक माला में पिरोए हुए हैं। उन्होंने कहा कि बॉस्केटबॉल खेलने और अपनी प्रतिभा को निखारने खिलाड़ियों का आगमन राजनांदगांव में हुआ है। उन्होंने कहा कि सभी की अपनी-अपनी अपेक्षाएं और इच्छाएं होती है, सभी यह सोच करके आते हैं कि यहां से जीतकर जाएंगे और खेल भावना से खेलते हैं। उन्होंने कहा कि खेल में कोई जीतता है तो कोई हारता है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि इच्छाएं और सपने कभी खत्म नहीं होनी चाहिए। सपने हमेशा ऊंचा उड़ने के लिए देखने कहा। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रीय स्तर का खेल रहे हैं, कल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलेंगे। उन्होंने खिलाड़ियों को जीतकर जाने के लिए कहा। उन्होंने देश का नाम गौरवान्वित करने के लिए शुभकामनाएं दी।

## अंतिम सूची प्रकाशन बाद परिसीमन पर आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

जिला पंचायत के नए परिसीमन में दावा आपित्त की समयसीमा गुजरने के बाद चार गांव के जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने बदलाव को लेकर आपत्ति जताया है। जिला पंचायत परिसीमन की पहली अधिसूचना 30 अक्टूबर को जारी हुई जिसमे 8 नवंबर तक दावा आपत्ति मंगाया गया था।

पहले प्रकाशन मे जिपं क्षेत्र क्रमांक 8 बाजार अतरिया में अछोली और जुनवानी पंचायत, क्षेत्र क्रमांक 9 जालबांधा में शेरगढ़ और भोथी पंचायत शामिल थी, लेकिन 12 नवंबर को अंतिम प्रकाशन में जालबांधा क्रमांक 9 मे अछोली और जुनवानी को जोड़ दिया गया जबकि पूर्व में क्षेत्र क्रमांक 8 में शामिल शेरगढ़ और भोथी को क्षेत्र क्रमांक 8 बाजार अतरिया में शामिल कर दिया जबकि पहली सूची को यथावत होना मानते हुए इन चारो गॉव से किसी ने भी निर्धारित समय मे दावा आपत्ति नही किया लेकिन 12 नवंबर को कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा द्वारा अंतिम सूची पर मुहर लगाने के बाद जारी सूची के परीक्षण बाद से इन चारों गॉव में राजनैतिक अफरा तफरी मच गई है। उनका कहना है कि भौगोलिक परिस्थिति से प्रथम सूची को ही अंतिम सूची मानना चाहिए था, लेकिन जिला प्रशासन ने किस आधार पर बदलाव किया उनके पल्ले नही पड़ रहा है। अंतिम सूची मे बदलाव को लेकर अछोली, जुनवानी, शेरगढ़ और भोथी के सरपंचों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए पहले प्रकाशन को यथावत रखने की मांग की है। उन का कहना है कि बिना किसी पूर्व जानकारी या चर्चा के किए बदलाव से जनता में असंतोष फैल गया है। मामले को लेकर एडीएम प्रेमकुमार पटेल से उनके मोबाईल पर संपर्क किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नही किया।

### संविधान महोत्सव व प्रदर्शनी 20 से

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव शहर के स्टेट हाईस्कूल मैदान में आगामी 20 से 26 नवंबर तक संविधान महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर आयोजनकर्ताओं द्वारा प्रेस कान्फ्रेंस के माध्यम से जानकारी दी गई। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि राजनांदगांव में पहली बार संविधान महोत्सव का 7 दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राष्ट्रग्रंथ भारतीय संविधान कथा, प्रशिक्षण, मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। स्टेट स्कूल मैदान में सांध्या 5 से रात्रि 10 बजे तक आयोजन होगा।

## स्पर्धा में पंकज और सुषमा विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जेवरतला रोड़

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में भगवान बिरसा मुंडा के 150 वीं जयंती के मौके पर निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता, भित्ति चित्र एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विजेताओं को पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य आरके देवांगन ने कहा कि सम्मान की चमक ही हमें अच्छा से अच्छा कार्य करने की प्रेरणा देती है, इसलिए सभी की जिंदगी में सम्मान महत्वपूर्ण होता है। रंगोली में प्रथम पंकज, द्वितीय तमन्ना, निबंध में प्रथम सुषमा सुधाकर, द्वितीय स्थान साक्षी ने प्राप्त किया। अन्य प्रतिभागी छात्र छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार की व्यवस्था व्याख्याता पवन सिन्हा, अजय पाठक और पीटीआई रीना बोरकर ने किया था। इस अवसर पर व्याख्याता आरडी देवांगन, चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, हेपशिबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, भागवत साहू, वेदप्रकाश साहू, महेश रावटे, चंद्रप्रकाश सोनबोईर, अनुराधा खरे, एसके नेताम एवं कुंदन यादव उपस्थित थे। संचालन अजय पाठक ने किया।

## लालबाग और शाहिद राधे मोतीपुर की रोमांचक जीत



**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही स्व. सुरजीत कौर स्मृति 7 ए साइड रात्रिकालीन हॉकी प्रतियोगिता के तहत 17 नवंबर को 2 मैच खेला गया। जिसके तहत पहला मैच यूथ क्लब विरुद्ध शाहिद राधे मोतीपुर के मध्य खेला गया। जिसमें शाहिद राधे मोतीपुर ने यूथ क्लब को 6-4 गोल से पराजित कर सेमीफाइनल में अपना स्थान बना लिया।

दोनों ही टीमों के मध्य संघर्षपूर्ण मुकाबला दर्शकों को देखने को मिला। मैच के मध्यांतर तक दोनों ही टीम 4-4 गोल की बराबरी पर रही। मैच के मध्यांतर बाद शाहिद राधे मोतीपुर के खिलाड़ियों ने अपने डी के अंदर बीच बचाव करते कोई भी गोल नहीं होने दिया। वहीं मैच के 36वें और 38वें मिनट में शहीद राधे मोतीपुर के खिलाड़ियों ने गोल करते मैच को 6-4 गोल से जीत लिया। शाहिद राधे मोतीपुर की ओर से जिम्मी साहू ने 2 गोल, दलबीर सिंह ने 2 गोल और राजेश निर्मलकर व गुमान साहू ने 1-1 गोल किया। वहीं यूथ क्लब की ओर से टीम के कप्तान ज्ञानचंद जैन ने 2 गोल, अब्दुल कादिर और गुलशन यादव ने 1-1 गोल किया।

खेले गए दूसरे मुकाबले में लालबाग ने दिग्विजय क्लब को 2-1 गोल से पराजित किया। दोनों ही टीम मैच के हाफ टाइम तक कोई भी गोल नहीं कर पाई थी, किन्तु मैच के हाफ टाइम के बाद सीनियर मॉर्निंग ग्रुप द्वारा बनाए गए नियम के तहत 3 पैनल्टी कार्नर पर 1 पैनल्टी स्ट्रोक में दिग्विजय क्लब के टीम को मिला, जिसे अमित माथुर ने गोल में तब्दील कर 1-0 गोल से बढ़त बनाई हुई थी। वहीं मैच के 31वें मिनट में लालबाग टीम के पूर्णचंद यादव ने मैदानी गोल करते 1-1 गोल की बराबरी पर ला दी। मैच के 32वें मिनट में लालबाग को भी पैनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे किशोर धीवर ने गोल करते यह मैच 2-1 गोल से जीत हासिल कर अगले दौर में प्रवेश किया। मैच के दौरान शिव वर्मा, मुन्ना यादव, संचित बग्गा, फिरोज अंसारी, शिवनारायण धकेता, नीलमचंद जैन, कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, भूषण साव, ज्ञानचंद जैन, बाल मुकुंद पटेल, मृणाल चौबे, अब्दुल कादिर, चंदन भरतद्वज, प्रिंस भाटिया ने मैदान में जाकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। खेले गए सभी मैच में किशोर धीवर, राजेश निर्मलकर, दिलीप रावत, अभिनव मिश्रा, हारून खान, खेमराज सिन्हा ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

## इतिहास से कराया अवगत

# ‘जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत’ विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में 11 एवं 12 नवंबर को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के पहले दिन 11 नवंबर को विश्वविद्यालय के कुलपति सत्यनारायण राठौर के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वैभव सुरंगे अखिल भारतीय युवा कार्य प्रमुख वनवासी विकास समिति ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजीव शर्मा वनवासी विकास समिति के प्रान्त प्रचार-प्रसार प्रमुख रायपुर, प्रेम कुमार पटेल विश्वविद्यालय के कुलसचिव, डॉ. योगेन्द्र चौबे कार्यक्रम के सयोजक व अधिष्ठाता लोकसंगीत एवं कला संकाय उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. योगेन्द्र चौबे ने विश्वविद्यालय से संबंधित जानकारी वक्ताओं को प्रदान की। इसके पश्चात कुलपति सत्यनारायण राठौर ने विश्वविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों सहित छात्रों को उक्त कार्यक्रम के माध्यम से छत्तीसगढ़ के वीर स्वतंत्रता सेनानियों को जानने तथा उनके द्वारा किए गए वीरता पूर्वक कार्य से अवगत होने की बात कही। इसके पश्चात राजीव शर्मा ने देश व प्रदेश में निवासरत जनजातीय समाज की जनसख्या से अवगत कराया। उन्होंने अनसंग स्वतंत्रता सेनानियों के लिये देशभर में आयोजित होने वाले उक्त कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वैभव सुरंगे ने जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत के ऐतिहासिक, सामाजिक के साथ ही विशेषकर आध्यात्मिक क्षेत्र के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों का विरोध करने वाले प्रथम लोग जनजातीय समाज से ही थे। अंत में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल ने उक्त संगोष्ठी में उपस्थित सभी दर्शकदीर्घा का आभार प्रदर्शन किया और दूसरे दिन 12 नवंबर को आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत के बारे में जानकारी लेने की बात कही।

### वीर स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित नाटक की प्रस्तुति

वक्ताओं के उद्बोधन पश्चात विश्वविद्यालय के नाट्य विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के जनजातीय समाज के वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर आधारित पहटिया नाटक की प्रस्तुति दी गई। यह नाटक छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानी गेंदसिंह, वीर नारायण सिंह, हनुमान सिंह एवं गुंडाधुर के जीवन पर केन्द्रीत रहा। उक्त नाटक का लेख, परिकल्पना एवं निर्देशन डॉ. योगेन्द्र चौबे के द्वारा किया गया। उक्त नाटक के माध्यम से विश्वविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों सहित खासकर छात्रों को छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानियों को जानने तथा उनके द्वारा किये गये गौरवपूर्ण कार्यों से अवगत होने का अवसर मिला। उक्त प्रस्तुति की अतिथि वक्ताओं ने भी सराहना की।

## जानकारी देने से बच रहा पालिका, सच पर परदा डालने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

प्रशासनिक अक्षमता, इच्छा शक्ति में कमी और जनप्रतिनिधियों के निज स्वार्थ के चलते नगर पालिका परिषद आसान चारागाह बना हुआ है।

कोरोना प्रभावितों के नाम पर मिली राशि का बंदबांट, बिना व्यायाम उपकरण खरीदे लाखों का भुगतान, स्वच्छता के लिए मिले पैसों से दीवाली शगुन वितरण जैसे तमाम किस्सों से नपा अछूता नही है और अब एक नया सिस्टम नपा ने लागू कर दिया है कि संबंधित जानकारी मांगने पर दस्तावेज उपलब्ध नही होने की बात कह दी जा रही है। अगस्त 2024 में आरटीई के तहत नगरीय निकाय अंतर्गत विभिन्न शालाओं में कार्यरत विभिन्न संवर्ग के शिक्षकों का 2018 में शिक्षा विभाग में संविलियन बाद अधिक भुगतान को लेकर वसूली प्रक्रिया, मांग पत्र, ओदश पत्र, नोटशीट व गणना पत्रक की प्रमाणित कापी शिक्षका के नाम सहित मांगा गया था। निर्धारित समयावधि बीतने के बाद नपा ने जवाब दिया कि आपके द्वारा चाही गई जानकारी विभाग में उपलब्ध नही होने के कारण उपलब्ध नही कराया जा सकता। इसी प्रकार 2018 में संविलियन बाद निम्न से उच्चतर वेतनमान भुगतान, कारवाई और शिक्षा विभाग को प्रेषित अंतिम भुगतान पर्ची मांगने पर भी यही जवाब दिया गया। इसके अलावा संविलियन सुविधा पाए शिक्षकों के एरियर्स भुगतान, आबंटन पत्र, आडिट रिपोर्ट और गणना पत्रक की प्रमाणित कापी मांगने पर भी विभाग मे दस्तावेज उपलब्ध नही होने का रटा रटाया लिखित जवाब दे दिया है।




### पत्र जारी किया गया

संबंधित विभाग प्रभारी द्वारा मांगी गई जानकारी उपलब्ध नही होने की जानकारी देने के बाद पत्र जारी किया गया है। - **प्रमोद शुक्ला,** सीएमओ

### निर्माण का नहीं है पूरा दस्तावेज

नगरीय निकाय अंतर्गत विभिन्न शालाओं में पदस्थ शिक्षक शिक्षिकाओं को नगर पालिका द्वारा लगभग 32 लाख रूपयों का ज्यादा भुगतान वेतन रूप में किया गया था। उस समय तत्कालीन लेखापाल और सीएमओ को अंधेरे में रखकर कतिपय शिक्षकों द्वारा प्रतिमाह निर्धारित वेतनमान के गणना पत्रक में हेरफेर कर अपने एक दर्जन से ज्यादा साथियों को 32 लाख रूपयों से उपर का भुगतान करा दिया था। मामले का खुलासा होने के बाद नगर पालिका ने प्रतिमाह पांच हजार रूपए वसूली भी शुरू किया, लेकिन शिक्षा विभाग में संविलियन बाद सारी प्रक्रिया पर विराम लग गया है और अभी भी उन शिक्षक शिक्षिकाओं से लाखो रूपयों की वसूली होनी बाकी है। तत्संबंध में नपा द्वारा विभाग में जानकारी उपलब्ध नही होने कही जा रही है जबकि शासकीय नियम अनुसार सरकारी दस्तावेजों खासतौर जो भुगतान से संबधित हो उसे लगभग 20 साल तक सुरक्षित रखा जाता है, लेकिन इस मामले में नपा का दस्तावेज उपलब्ध नही होने का जवाब टालमटोल वाला है। पता चला है कि नगर पालिका में बीते कई सालों से हर वो दस्तावेज गायब है जिसके सामने आने या उजागर होने से अधिकारी या कर्मचारी किसी छोटी बड़ी कारवाई के शिकार हो सकते है।

# डिवाईडर तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई हो, मिडिल कट से राहगीरों को खतरा

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव-बालोद स्टेट हाईवे पर मोहारा में मौजूद महालक्ष्मी मार्केट के सामने एक बार फिर अवैध तरीके से डिवाईडर तोड़कर मिडिल कट बना दिया गया है। कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि इस अवैध मिडिल कट से ब्लैक स्पॉट तैयार हो गया है, जहां कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। इससे साबित हो गया है कि सड़क सुरक्षा को लेकर बैठकें करने वाले प्रशासन की योजनाएं, तैयारियां सिर्फ बैठक तक ही सीमित है। मैदानी अमला गंभीर मामलों में भी दोषियों को प्रश्रय दे रहा है।

उन्होंने कहा कि बगैर अनुमति इस तरह के कृत्य से यह भी सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या जिला प्रशासन ऐसे लोगों के सामने नतमस्तक है या फिर किन्हीं और कारणों से ऐसी मनमानियां करने की छूट दी जा रही है। मुदलियार ने कहा कि जिन्होंने यह कृत्य किया उनके हौसले इतने बुलंद हैं कि वे प्रशासनिक और कानून व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं। यही नहीं उन्होंने राहगीरों की जान को खतरे में डाल दिया है।

### राहगीरों के जीवन को डाला जा रहा खतरे में

जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि महालक्ष्मी मार्केट में आवाजाही के लिए अवैध मिडिल कट बनाकर, जिस तरह राहगीरों के जीवन को खतरे में डाला गया है, वह एक बड़ी गैर जिम्मेदाराना करतूत है। कांग्रेस नेता ने तत्काल इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि कलेक्टर इस मामले में संज्ञान लें। डिवाईडर तोड़ने वालों के अतिरिक्त जिम्मेदार अफसर जिनकी लापरवाही या संरक्षण में इस तरह के कृत्य किए जा रहे हैं, उन पर भी कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।




## निधन



### कांतिकुमार शर्मा

**डोंगरगढ़।** रिटायर्ड शिक्षक कांति कुमार शर्मा का स्वर्गवास 18 नवंबर को हो गया। वह चार पुत्र एवं दो पुत्री का भरापूरा परिवार छोड़ कर गए हैं। वह धर्मेंद्र शर्मा, जितेंद्र शर्मा, डॉ.वीरेंद्र शर्मा एवं अधिवक्ता शैलेन्द्र शर्मा के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार कल 19 नवंबर को सुबह 9 बजे छिरपानी मुक्तिधाम में किया जाएगा।



### कुमारीबाई यादव

**राजनांदगांव।** लोक गायक मनोहर यादव की माता कुमारीबाई यादव का सोमवार शाम को आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 73 वर्ष की थी। अंतिम यात्रा कल मंगलवार सुबह 11 बजे शीतलापारा स्थित निवास से निकाली जाएगी। अंतिम संस्कार मोतीपुर-ढाबा मार्ग स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे तीन पुत्रों मनोहर, गोवर्धन व गोविंद का भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

## सार समाचार

### युगांतर में सोलो डांस कॉम्पिटिशन का आयोजन

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में प्री प्राइमरी के विद्यार्थियों के लिए सोलो डांस कॉम्पिटिशन का शानदार आयोजन हुआ। कॉम्पिटिशन में विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति देकर खूब तालियां बंटोरी। कॉम्पिटिशन में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। संस्था के निदेशक (अकेडमिक्स) नरेंद्र कोटड़िया ने आयोजन की सराहना करते कहा कि बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहना चाहिए। जिससे वे अपनी प्रतिभाओं को तराश सके। उन्होंने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। यह कॉम्पिटिशन विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मधु पी. चौधरी के मार्गदर्शन में प्री. प्राइमरी के सेक्शन इंचार्ज सेजल शर्मा, अदिति चौरसिया, कनीज फातिमा, रश्मि बजाज, ऋचा मेहरा के सहयोग से सफलतापूर्वक संचालित हुआ।



विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी सहित युगांतर परिवार ने आयोजन की सफलता पर हर्ष प्रकट किया है। मंच को सजाने में कला विभाग के शिक्षक अजय चौरसिया तथा ज्ञानेश पटेल की सराहनीय भूमिका रही। आयोजन में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

### विधायक साहू हुए कार्यक्रम में शामिल

**खुज्जी।** ग्राम किरगी (खुर्सीपार) निवासी केवलराम साहू के यहां नवनिर्मित मकान के गृह प्रवेश एवं जन्मोत्सव कार्यक्रम में विधायक भोलाराम साहू शामिल हुए। श्री साहू ने नवजात शिशु को आशीर्वाद व नवनिर्मित मकान के गृह प्रवेश पर माता-पिता व साहू परिवार को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर ईश्वर साहू, राजू गोस्वामी, केवलराम साहू, येशूराम साहू, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**राजनांदगांव।** गायत्री गुरुकुल राजनांदगांव के बच्चों ने गुरुद्वारा बंदीछोड़ पातशाही 6 तुमड़ीबोड़ का शैक्षणिक भ्रमण किया। उन्हें अध्यात्म और सेवा का अमूल्य अनुभव प्राप्त हुआ। गुरुद्वारा के ज्ञानी नरिंदर सिंह ताज ने बच्चों को सिख धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों और सेवा के महत्व को सरल और प्रेरक तरीके से समझाया। इस अवसर पर बच्चों को बिस्किट वितरित किए गए। गुरुकुल की हेड दीपाली राईचा भी इस कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों को ऐसे स्थानों से जुड़ने की सीख दी, जहां वे जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों को समझ सके।



### पदुमतरा में रामलीला महोत्सव का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** ग्राम पदुमतरा में श्री सत्य साईं रामलीला मंडली बेलौदी बालोद के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा 17 से 23 नवंबर तक रात्रि 8 से 10.30 तक 7 दिवसीय श्री रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन मुख्य अतिथि जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू व अध्यक्षता सरपंच ललिता साहू ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच मोहन साहू, दुर्गा साहू, उमेंद्र साहू, उत्तम साहू, खेलन साहू, अनिता गंधर्व, कुमारी साहू, दयाबाई साहू, हरकिशन सेन, रिखीराम साहू, दिनु साहू, पवन महोबिया, राकेश गौतम सहित अन्य उपस्थित रहे। अतिथियों सहित उपस्थित श्रद्धालुओं ने मंगल आरती-पूजा कर श्रीरामलीला महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ओमप्रकाश साहू ने कहा कि हमारे लिए गौरव का क्षण है कि हमें 7 दिवस तक रामलीला सुनने व देखने का अवसर मिलेगा।



### श्रीराधे मिनरल्स बना सीजन-6 का चैम्पियन

**राजनांदगांव।** अग्रसेन प्रीमियर लीग के टाइटल स्पांसर रचित शशांक अग्रवाल ने टॉस कराकर मैच का शुभारंभ किया। जिसमें श्रीराधे मिनरल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। जिसमें श्री हनुमान राईस मिल ने निर्धारित 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 91 रन बनाए तथा विरोधी टीम को 92 रन का लक्ष्य दिया, जिसे राधे मिनरल्स की टीम ने आसानी से 7.3 ओवर में ही दो विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। जिसमें नवीन अग्रवाल ने धुंआधार बल्लेबाजी करते 22 गेंद पर 42 रन का योगदान देकर जीत दिला दी। इस फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच रहे नवीन अग्रवाल को इस प्रतियोगिता के मैन आर्फ द सीरिज का खिताब भी दिया गया। बेस्ट बल्लेबाज का ईनाम विशेष अग्रवाल, बेस्ट गेंदबाज का ईनाम आर्यन अग्रवाल, बेस्ट क्षेत्ररक्षक का ईनाम नवीन अग्रवाल को दिया गया। पूरे प्रतियोगिता में कमेंटेटर के रूप में पीन्टू तथा एंकर श्रद्धा बाफना एवं अम्पायर के रूप में दलजीत सिंग व कमल साहू, स्कोरर संदीप कोरी, डिजीटल स्कोरर यश ठाकुर, मैन्युवल स्कोरर हार्षिल रहे। उक्त जानकारी प्रचार-प्रसार प्रभारी राहुल अग्रवाल व नमन पोद्दार ने दी।



### सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ राजनांदगांव की बैठक 18 नवंबर को आयोजित की गई। बैठक छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष लाभेश पगारे, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ से पुरूषोत्तम चतुर्वेदी, प्रांतीय संगठन सूचना प्रभारी अमित पारधी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। बैठक में राजनांदगांव जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अंजलि कथोलिया को सर्वसम्मति से जिला संयोजक राजनांदगांव नियुक्त किया गया।



वहीं कामिनी नेताम सचिव, चमेशवरी ठाकुर कोषाध्यक्ष, रोमेश वर्मा को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इसके साथ ही सचिन कुमार ब्लॉक अध्यक्ष घुमका, तस्मीन खान ब्लॉक अध्यक्ष डोंगरगांव, लक्ष्मी निर्मलकर ब्लॉक अध्यक्ष डोंगरगढ़ एवं आशीष कुंभकार को ब्लॉक अध्यक्ष छुरिया नियुक्त किया गया।

# मुआवजा और परिवार को नौकरी की मांग करने पहुंचे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के डोंगरगढ़ क्षेत्र से बड़ी संख्या में किसान आज कलेक्टोरेट पहुंचे और डोंगरगढ़ से कटघोरा रेल परियोजना में अधिग्रहित भूमि का वर्तमान समय अनुसार मुआवजा राशि निर्धारित करने एवं परिवार के एक सदस्य को रेलवे में नौकरी देने की मांग की।

जिला कार्यालय पहुंचे किसान जितेंद्र कुमार गेंड्रे और घनश्याम साहू ने कहा कि डोंगरगढ़ से कटघोरा रेल लाइन के लिए वर्ष 2016-17 में सर्वे किया गया था। वहीं इसके बाद जमीन का अधिग्रहण करने इस क्षेत्र में जमीन की रजिस्ट्री पर रोक लगा दी गई है। जिसकी वजह से किसान अपनी जमीन नहीं बेच पाए हैं। वहीं प्रभावित जमीन संचित है और वर्तमान में किसान इसमें धान की फसल लिए हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस बीच कुछ परिवार के मुखिया का देहांत भी हो गया है, लेकिन वह अपनी जमीन की फौती भी नहीं उठा पा रहे हैं। ऐसे में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय पर भी संकट है। वहीं उन्होंने कहा कि लगभग 7 वर्ष पूर्व हुए सर्वे के आधार पर मुआवजा राशि ना देते हुए वर्तमान समय अनुसार सर्वे कराकर मुआवजा राशि तय की जाए।

## डोंगरगढ़-कटघोरा रेल परियोजना से प्रभावित किसानों की मांग

### पूरी जमीन का दें मुआवजा

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे किसानों ने कहा कि डोंगरगढ़-कटघोरा रेल परियोजना में इस क्षेत्र के लगभग 500 किसानों की 2000 हेक्टेयर से अधिक जमीन आ रही है। ऐसे में अगर भू-अर्जन के बाद भी किसी किसान की दो-तीन डिसमिल जमीन बच जाती है तो उसकी पूरी जमीन का मुआवजा दिया जाए।



### परिवार सहित आंदोलन की चेतावनी

पने ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने वर्तमान में नए सर्वे और मुआवजा राशि तय किए जाने को लेकर मांग की है। वहीं चेतावनी देते कहा है कि वर्तमान में किसानों के खेत में नया सर्वे किए जाने व कार्य प्रारंभ करने के पूर्व यदि किसानों की मांग पूरी नहीं की जाती है तो सभी किसान अपने परिवार सहित आंदोलन के लिए बाध्य होंगे और कार्य रोकने हेतु न्यायालय की शरण में भी जाएंगे।

### चार गुना मुआवजा देने की मांग

कलेक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन में किसानों ने कहा है कि रेल लाइन परियोजना के तहत डोंगरगढ़ वाया मुंगेली, कवर्धा, खैरागढ़ क्षेत्र में डोंगरगढ़ से कटघोरा रेल परियोजना के लिए भू-अर्जन किए जाने संबंधित कार्रवाई भारत के राजपत्र रेल मंत्रालय द.पू.म. रेलवे बिलासपुर के अधिसूचना दिनांक 6 सितंबर 2018 को जारी किया गया है। भूमि अर्जन करने के पूर्व प्रभावित होने वाले किसान को भूमि अर्जित करने हेतु किसी प्रकार की सूचना प्रशासन से जारी नहीं हुई है। रेल लाइन बिछने से किसानों के जीवनयापन का मुख्य साधन बर्बाद हो जाएगा। किसानों ने कहा है कि अर्जित की गई भूमि से रेल लाइन बिछाने के पूर्व प्रभावित कृषक परिवारों के एक सदस्य को रेलवे में नौकरी दी जाए एवं वृद्ध माता-पिता के जीवनयापन हेतु 4 गुना मुआवजा दिया जाए।

## हजारों की संख्या में शामिल हुए आदिवासी

# आरक्षण की मांग के लिए भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अनुसूचित जनजाति वर्ग का जनगणना कर जनसंख्या अनुपात में त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव में आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर सर्व आदिवासी समाज द्वारा आज चिचोला क्षेत्र के बाबूटोला में आदिवासी प्रतिरोध सभा एवं आदिवासी अधिकार यात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में हजारों की संख्या में आदिवासी शामिल हुए।

सर्व आदिवासी समाज द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव और निकाय चुनाव में आरक्षण दिए जाने के मामले को लेकर आयोजित आदिवासी प्रतिरोध सभा एवं आदिवासी अधिकार यात्रा के आयोजन में हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग जुटे। इस दौरान प्रदेशभर के सामाजिक पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शामिल हुए। आदिवासी समाज द्वारा राजनांदगांव जिला पंचायत की सीटों में बोरतलाब के अलावा बम्हनी, चारभाठा और कुमर्दा सीट पर आरक्षण देने की मांग की गई है। वहीं छुरिया नगर पंचायत एवं लाल बहादुर नगर पंचायत में अध्यक्ष के पद पर समाज के आरक्षण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है।



### लाल बहादुर नगर मोड़ के समीप रोकी रैली

आदिवासी समाज द्वारा बाबूटोला से कलेक्टोरेट कार्यालय तक रैली का आयोजन किया गया था, लेकिन पुलिस ने सभा के बाद इस रैली को लाल बहादुर नगर मोड़ के समीप ही रोक दिया। जिसके बाद समाज के लोगों ने अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा है।

### वर्ष 2011 की जनगणना आधार का विरोध

सर्व आदिवासी समाज द्वारा अपने ज्ञापन में कहा गया है कि त्रि-स्तरीय पंचायती राज एवं नगरीय निकाय में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए वर्ष 2024 के जनगणना आधार पर आरक्षण लागू किया जा रहा है। जबकि अनुसूचित जनजाति संवर्ग के लिए 2011 की जनगणना को आधार मानकर छत्तीसगढ़ शासन आरक्षण लागू कर रही है। वर्तमान में राजनांदगांव जिले में अनुसूचित जनजाति की संख्या 65 प्रतिशत है। राजनांदगांव जिले में अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए जनसंख्या अनुपात में जिला सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच, पंच, पार्षद पदों की सीट आरक्षित किया जाए।

### आंदोलन की दी गई चेतावनी

सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष जसवंत गावड़े ने बताया कि उन्होंने समाज की मांगों का ज्ञापन प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, जनजाति कार्यालय मंत्रालय, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग और जिला कलेक्टर को सौंपा है। वहीं समाज द्वारा चार दिन का समय दिया गया है। मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इसके लिए शासन व प्रशासन जिम्मेदार होगा।

### सर्व आदिवासी समाज हुआ शामिल

सर्व आदिवासी समाज द्वारा आयोजित इस सभा के दौरान दुर्ग गोड़ समाज, उड़ाड़बांध महासभा, कंवर समाज महासभा, कोईतुर बोर्ड़ महासभा, गोंडवाना गोड़ महासभा, हलबा समाज, उराव समाज, कंडरा समाज, पारधी समाज, प्रधान गोड़, सोनझरी समाज के प्रमुख और सामाजिक लोग शामिल हुए।

### पीएम आवास योजना का लाभ देने शिविर प्रारंभ

**राजनांदगांव।** शहरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 द्वितीय चरण के क्रियान्वन के लिए वार्डों में सोमवार को शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने लोगों ने ऑनलाइन आवेदन एवं दस्तावेज के संबंध में जानकारी ली। 21 व 27 नवंबर को भी वार्डों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। निन आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभ देने वार्डों में 18, 21 व 27 नवंबर को सुबह 10 से 3 बजे तक शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जाति का लाभ मिलने वाले हितग्राहियों में कुछ के पास जाति प्रमाण पत्र नहीं है, जिनके पास नहीं है, उन्हें जाति प्रमाण पत्र जल्द बनावाकर लाना होगा, अपूर्ण दस्तावेज पर आवेदन स्वीकार्य नहीं होता।

शिविर में संभावित पात्र हितग्राहियों का सर्वेक्षण कर आवेदन भराया जाएगा। वार्डवासियों की सुविधा के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। हितग्राही को आवास निर्माण के लिए 2 लाख 25 हजार के स्थान पर 2 लाख 50 हजार रुपए की राशि प्राप्त होगी। साथ ही 365 वर्गफीट के स्थान पर 450 वर्गफीट में आवास निर्माण किया जाना है।

# दीपावली त्यौहार में भी वेतन भुगतान नहीं होने से नाराज सफाई कर्मचारियों ने किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दो-तीन माह से वेतन नहीं मिलने से नाराज सफाई कर्मचारियों ने आज काम बंद करते हुए हड़ताल कर दिया और नगर निगम परिसर पहुंचकर आक्रोश व्यक्त करते जमकर नारेबाजी की।

नगर निगम में कार्यरत नियमित और प्लेसमेंट सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान नहीं किया जाता है, इसके चलते कर्मचारियों में आक्रोश है। वहीं प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद भी दीपावली त्यौहार के दौरान अक्टूबर माह में सफाई कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया गया। जिसको लेकर सफाई कर्मचारियों ने आज काम बंद करते हड़ताल कर दिया और नगर निगम परिसर पहुंचकर नाराजगी व्यक्त करते जमकर नारेबाजी की।

### बिगड़ रही आर्थिक स्थिति

नगर निगम परिसर में आंदोलन करते सफाई कर्मचारियों ने कहा कि प्लेसमेंट सफाई कर्मचारियों को 3 माह का और नियमित सफाई कर्मचारियों को 2 माह से वेतन नहीं मिला है। जिसके चलते परिवार की आर्थिक स्थिति बिगड़ी हुई है।



### कर्ज लेकर मनाया त्यौहार

आंदोलन के दौरान सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गोलू नायक ने बताया कि दीपावली पर्व के दौरान शासन के निर्देश पर प्रदेश के सभी सफाई कर्मचारियों को भुगतान हुआ है, लेकिन राजनांदगांव में यहां के सफाई कर्मचारियों को वेतन भी नहीं मिला है। सफाई कर्मचारियों ने कर्ज लेकर दीपावली का त्यौहार मनाया है।

### भुगतान नहीं तो काम नहीं

सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से आज शहर में सफाई नहीं हुई। वहीं सुबह वार्डों में नहीं जाकर सभी सफाई कर्मचारी नगर निगम पहुंचे और आक्रोश व्यक्त करते काम बंद कर आंदोलन किया। सफाई कर्मचारियों ने कहा कि जब तक उन्हें वेतन भुगतान नहीं हो जाता, तब तक वे हड़ताल पर रहेंगे।

# अवैध रूप से शराब बिक्री के खिलाफ अभियान, हुई कोचियों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वाले कोचियों के खिलाफ पुलिस ने धरपकड़ अभियान तेज कर दिया है। जिसके तहत आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।

थाना लालबाग क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने रेवाड़ीह रैलीस एग्रो टेक के सामने घेराबंदी कर रेड कार्रवाई कर आरोपी टिंगू उर्फ युधिष्ठिर राजपूत 18 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 16 रमन बाजार तालाब पास के कब्जे से 22 नग पौवा देशी प्लेन शराब, बिक्री रकम 150 रुपए को जब्त किया गया।

### कोतवाली थाना

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुराना बस स्टैंड में दीपक होटल के पास रेड कार्रवाई कर आरोपी रवि वर्मा उर्फ सोनू 27 वर्ष साकिन लखोली के कब्जे से 18 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1620 रुपए व बिक्री रकम 220 रुपए जुमला कीमती 1840 रुपए जब्त कर कार्रवाई किया गया।

### सुकुलदैहान पुलिस चौकी

अभियान के तहत सुकुलदैहान पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 17 नवंबर को सूचना मिली कि ग्राम लिटिया सैगोन बाड़ी में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है, जिस पर रेड कार्रवाई किया। आरोपी कैलाश ग्वाल के कब्जे से 18 पौवा देशी प्लेन शोले शराब कीमती 1620 रुपए एवं बिक्री रकम 180 रुपए बरामद कर आरोपी कैलाश को गिरफ्तार किया गया।












## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुईं हेमलता



**हरिभूमि कवर्धा।** विकासखण्ड कवर्धा के संकुल मरका शासकीय प्राथमिक विद्यालय देवरी में समाज सेवा हेतु समर्पित संस्था, आनंद सागर सेवा प्रवाह बिलासपुर, छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह-2024 शिक्षा एवं समाज कल्याण के क्षेत्र में कर्तव्यनिष्ठ, समर्पित एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए कर्मवीर शिक्षक सम्मान 2024 से श्रीमती हेमलता शर्मा को सम्मानित किया।

### भोरमदेव कला सेवा समिति की सराहनीय पहल



**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया विकासखंड अंतर्गत दामापुर चौकी के ग्राम गिरधारी कापा में पहली बार गौ-माता की अंतिम संस्कार मिट्टी देकर किया है, जिसमें भोरमदेव कला सेवा समिति की सराहनीय पहल से गिरधारी कापा में वैसे तो यहां गौमाता को यू ही मरने के बाद रोड किनारे छोड़ देते है वहीं मांसाहारी जानवर खा जाते है। जिस पर हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति अध्यक्ष बलवीर विश्वकर्मा, जिला व्यवस्था प्रमुख प्रभात विश्वकर्मा की पहल से गौमाता की अंतिम संस्कार किया। अपने ही खेत के पार मे अंतिम संस्कार मिट्टी देकर एक नई संदेश दिया है और अपने क्षेत्रवासियों को जन जागरूक कर गौमाता को यू ही सड़क किनारे ना फेंके अपना जीवन भर आपको दुग्ध, गोबर दिया और आपको नकारात्मक शक्तियों से बचाया और उसे आप यू ही रोड किनारे ना फेंके क्योंकि गौ माता में 36 कोटी देवी-देवताओं का विराजमान रहता है गौ माता से ही पूजा का शुरूआत किया जाता है गौ माता के द्वारा गोबर दूध से दही व घी यह सब देवी-देवताओं के पूजा के समान गौ माता से ही प्राप्त होते हैं।

### मड़मड़ा में राज्योत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम



**हरिभूमि पाण्डातराई।** बोड़ला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम मड़मड़ा में बाल अधिकार संगठन के तत्वाधान में राज्योत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि गांव में राज्योत्सव का आयोजन होना सराहनीय पहल है, हमारा छत्तीसगढ़ राज्य अभी युवा है, लगातार विकास की ओर अग्रसर है। वर्तमान में विष्णुदेव सरकार छत्तीसगढ़ को संवारने का काम कर रही है। सभी वर्गों की चिंता की जा रही है। अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक अशोक साहू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। वहीं विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, नितेश अग्रवाल, बरसाती वर्मा, जिला महामंत्री क्रांति गुप्ता, मंडल अध्यक्ष कांशीराम उईके, जयराम साहू, भाजयुमो के जिला महामंत्री सचिन गुप्ता, उपाध्यक्ष तुकेश चंद्रवंशी, सरपंच प्रतिनिधि कुमार जायसवाल, पूर्व उपसरपंच बहल पटेल, दीप जायसवाल उपस्थित थे। विगत कई वर्षों से ग्राम मड़मड़ा में बाल अधिकार संगठन द्वारा राज्योत्सव मनाया जा रहा है, इस अवसर पर पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, इस वर्ष भी बच्चों द्वारा रंगारंग कर्मा, ददरिया, सुवा, राउत नाचा, पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान बाल अधिकार संगठन अध्यक्ष रमन सिंह, सचिव दीपक यादव, उपाध्यक्ष शिवभजन वर्मा, सांस्कृतिक प्रभारी पालेश यादव, मानस पटेल, नारद यादव, हेमंत जायसवाल, रुपेश यादव अन्य सदस्यगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### विशेष पिछड़ी जनजाति बालक-बालिका छात्रावास पोलमी में निकाली गई रैली



**हरिभूमि कुई कुकदूर।** भारत सरकार जनजाति कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन विशेष पिछड़ी जनजाति (बैगा) आवासीय विद्यालय पोलमी मे किया जा रहा है, कार्यक्रम जिसमे भारत सरकार के निर्देशानुसार शनिवार को रैली की आयोजन प्रत्येक छात्रावास स्तर पर करना सुनिश्चित की गई थी। जिसके तहत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा आवासीय विद्यालय पोलमी द्वारा रैली निकाली गई, जिसमे बच्चों को भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, रानी दुर्गावती, भगवान बिरसा मुंडा तथा बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर व बैगा-बैगीन के किरदार मे रखा गया व सजाया गया। जिसमे पुष्पलता भारत माता, धर्मीन छत्तीसगढ़ महतारी, तीजन रानी दुर्गावती तथा मालती बैगीन के रोल मे रही तथा समारू बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर, अघनु भगवान बिरसा मुंडा एवं श्रवण बैगा के वेशभूषा में नजर आएं। रैली आवासीय विद्यालय पोलमी परिसर से निकाली गई जिसमे विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, प्राचार्य अधीक्षक, अधीक्षिका उपस्थित रहें व जयकारे के साथ पूर्ण किया गया।

### अंशकालीन शाला संगवारी शिक्षकों ने सीएम से मुलाकात की



**हरिभूमि कुई कुकदूर।** अंशकालीन शाला संगवारी शिक्षक जिला कबीरधाम में कार्यरत समस्त शिक्षकों ने सांसद संतोष पाण्डेय लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव के सौजन्य से मुख्यमंत्री निवास में पहुंचकर अपनी मांग छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष रखी। जिसमें अंशकालीन शाला संगवारी शिक्षक के रूप में जिला डीएमएफ फण्ड से मानदेय पर कार्यरत बैगा जनजाति के अभ्यर्थी जो कि शाला संगवारी शिक्षक के रूप में जिले में शिक्षा सत्र 2019-20 से शिक्षकीय कार्य में सेवा दे रहे हैं। वर्तमान समय में अंशकालीन शाला संगवारी के रूप में लगभग 70 शाला संगवारी पंडरिया, बोड़ला, कवर्धा एवं सहसपुर लोहारा विकासखण्ड में कार्यरत सभी अंशकालीन शाला संगवारी विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति के हैं। जिनको सीधी भर्ती में विशेष प्राथमिकता देते हुए सभी कार्यरत अंशकालीन शाला संगवारी शिक्षकों को बैकलॉग सीधी भर्ती में नियमित करते हुए सहायक शिक्षक के पद पर भर्ती करने मांग की गई। जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा मांग को उचित मानते हुए जल्द ही शाला संगवारी के हित में निर्णय लेकर नियमित करने की बात कही। इस दौरान सांसद संतोष पाण्डेय, भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर पाण्डेय, बैगा समाज प्रमुख अंतूसिंह बैगा, अक्कल सिंह बैगा, संतूराम बैगा, बिहारी बैगा व शाला संगवारी शिक्षक बुधराम बैगा, अमृतलाल बैगा, गन्नू राम बैगा, करन सिंह बैगा, रतन सिंह बैगा, मुन्ना बैगा, राजकुमार बैगा सहित समस्त शाला संगवारी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थें।

## युवाओं के लिए आईआईटी-जी नीट और सीजीपीएससी परीक्षाओं के लिए शुरू होगी नि:शुल्क कोचिंग

# विधायक ने पंडरिया व क्षेत्रवासियों को दी करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पंडरिया विधानसभा में अधोसंरचना विकास एवं जनता की सुविधाओं के लिए पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा लगातार सार्थक प्रयास किए जा रहें हैं। सौन्दर्यीकरण से लेकर आम नागरिकों की सुविधाओं हेतु सड़क, नाली, पुल-पुलिया निर्माण के साथ ही व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अधोसंरचना विकास का सोमवार को सामुदायिक भवन पंडरिया में विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने करोड़ों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। जिसके अंतर्गत अधोसंरचना मद, मंडी बोर्ड एवं 14वें-15वें वित्त आयोग मद के तहत कुल 4 करोड़ 31 लाख 62 हजार रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया गया। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि यह सभी निर्माण कार्य पंडरिया नगर के विकास एवं जनता की सुविधाओं का विस्तार करने में बहुमूल्य भूमिका निभाएंगे। जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है महज 11 माह में ही छत्तीसगढ़ में अधोसंरचना विकास से लेकर जन कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से जन-जन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। पंडरिया विधानसभा में विकास कार्य प्रगति पर हैं, जनता को योजनाओं का लाभ मिल रहा है किसानों को सम्मान और युवाओं को रोजगार के साथ ही वृद्धजनों को आयुष्मान योजना के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है उससे निश्चित ही पंडरिया विधासनभा सहित पूरे प्रदेश में नगरीय निकाय व जिला पंचायत चुनाव में भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विकास कार्यों और जनता की सुविधाओं एवं अपने वादों को भाजपा सरकार ने निभाया है एवं प्रदेश के युवा, महिला, किसान तथा पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है। जनता के मन में भी इसके प्रति विश्वास अभी से देखा जा रहा है कि भाजपा जो कहती है वह करती है। आज महिलाओं को 1000 रुपए प्रतिमाह आर्थिक सहयता, किसानों को दो वर्ष का बकाया बोनस का भुगतान, 3100 रुपए में धान खरीदी, गन्ना किसानों का पूर्ण भुगतान, युवाओं के लिए रोजगार तथा शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते को 46 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हर व्यक्ति एवं वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करने का काम किया है। श्रीमती बोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को गति देने एवं आर्थिक विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा औद्योगिक नीति 2024-2030 की शुरुआत की गई है, जिसमें हमारे पंडरिया ब्लॉक को समूह -3 (कैटेगरी सी वर्ग) में रखा गया है जिसके लिए मुख्यमंत्री एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन का आभार व्यक्त किया। पंडरिया ब्लॉक को समूह-3 में शामिल करने से यहां नवीन उद्योग स्थापना हेतू पूंजीगत अनुदान, ब्याज अनुदान, विद्युत शुल्क में छूट, सरकारी जमीन पर लीज रेंट लाभ मिलेंगे जिससे उद्योग स्थापना करने वाले व स्टार्टअप को बढ़ावा तथा प्रोत्साहन मिलेगा और क्षेत्रवासियों के लिए रोजगार सृजन होंगे।

### इन विकास कार्यों से संवरेगा पंडरिया नगर : भावना बोहरा



विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने अधोसंरचना मद अंतर्गत सौंदर्यकरण, झंडा चौक, महिला चौपाटी, चौपाटी नवीनीकरण कार्य, सामुदायिक भवन निर्माण, मंच निर्माण, भारत माता चौक निर्माण, यात्री प्रतिक्षालय निर्माण, हाई मास्ट लाईट स्थापना एवं सीसी रोड तथा नाली निर्माण कुल 19 कार्यों हेतु राशि 2 करोड़ 35 लाख 62 हजार एवं 14वें-15वें वित्त आयोग अंतर्गत सीसी रोड एवं नाली निर्माण के कुल 31 कार्यों हेतु राशि 1 करोड़ 11 लाख 68 हजार रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। 30 लाख रुपए की लागत से भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी के सम्मान में अटल चौक-परिसर निर्माण सह मूर्ति स्थापना हेतु भूमिपूजन किया। इसके अलावा मंडी बोर्ड द्वारा ग्राम पाढ़ी में 13 लाख 56 हजार एवं 12 लाख 20 हजार की लागत से सीसी रोड, लारंगपुर में 13 लाख 56 हजार की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन तथा ग्राम पड़ीपथरा एवं गांगपुर में 15 लाख रुपए की लागत से निर्मित पुलिया का लोकार्पण किया।

### पंडरिया ब्लॉक में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पहला नि:शुल्क कोचिंग सेंटर 1 जनवरी से होगा शुरू

विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया विधासनभा के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले प्रतिभावान युवाओं के लिए पंडरिया ब्लॉक में पहला नि:शुल्क कोचिंग सेंटर 1 जनवरी 2025 से शुरू करने की घोषणा की और बताया कि कोचिंग सेंटर के लिए पंडरिया शहर में स्थान का चयन भी कर लिया गया है। उन्होने कहा कि युवाओं के कंधो पर ही हमारे क्षेत्र, प्रदेश व देश का भविष्य निर्भर करता हैं और इसकी नींव शिक्षा है। हमने भावना दीदी की गारंटी में अपने युवाओं के बेहतर भविष्य एवं उनकीआकांक्षाओं को पूरा करने के लिए जो संकल्प किया था आज हम उसे पूरा करने जा रहें हैं। साथ ही बहुत से प्रतिभावान युवा हैं जो संसाधनों की कमी व आर्थिक परिस्थिति कमजोर होने की वजह से कहीं न कहीं पीछे रह जाते हैं। ऐसे में उनकी प्रतिभा व कौशल को एक उचित स्थान देने तथा उन्हें बेहतर शिक्षा के संसाधन उपलब्ध कराने के लिए जनवरी माह से पंडरिया में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए चयन प्रक्रिया के आधार पर नि:शुल्क कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराएंगे। इस कोचिंग सेंटर में अनुभवी शिक्षकों द्वारा संयुक्त प्रवेश परीक्षा आईआईटी-जी, राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा नीट, छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग सीजीपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध होगी साथ ही परीक्षाओं की तैयारियों के लिए सभी प्रकार की सुविधा, शिक्षकों द्वारा समय-समय पर समस्याओं का समाधान और शिक्षा जगत से जुड़े अनुभवी प्रवक्ताओं द्वारा मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा, जिससे छात्र-छात्राएं अपनी परीक्षाओं की तैयारी बिना किसी मानसिक दबाव के कर सकेंगे। हमें विश्वास है कि हमारे इस प्रयास से उन सभी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन मिलेगा और वे आगे चलकर हमारे पंडरिया का नाम पूरे देश में रोशन करेंगे।

## मुरुमीकरण कार्य में जिम्मेदारों ने की भारी अनियमितता



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम सोढ़ा से मोहतरा कला, कंझेटा, कोलेगांव, अमलीमालगी, भटरूसे, छैआमलगी तक नहर किनारे ग्रामीण किसानों के आवाजाही के लिए सुविधा को देखते हुए ग्रामीण किसानों द्वारा लगातार मांग करने के बाद शासन प्रशासन द्वारा लाखों रुपए की मुरुमीकरण की स्वीकृति राशि जारी किया गया था। लेकिन विभागीय अधिकारियों व ठेकेदार द्वारा मुरूम के स्थान पर मिट्टी डालकर तथा खानापूर्ति के लिए विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदार ठेकेदार द्वारा मुरूमीकरण कर लाखों रूपए की राशि का बंदर बॉट किया गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मुरूमीकरण व सड़क निर्माण कार्य में जिम्मेदार ठेकेदार द्वारा भारी अनियमिमता का खामियाजा ग्रामीण रहवासी किसानों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जिस तरह से मुरूमीकरण कार्य करना था उस तरह से मुरूमीकरण कार्य होने तथा बिना रोलर चलाया किए नहर सड़क पर लाखों रुपए की स्वीकृत राशि का बंदरबॉट किया गया है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से जांच कर कार्यवाही करने की मांग की गई ताकि आसपास क्षेत्र के ग्रामीण किसानों को आने-जाने में किसी प्रकार के परेशानी व दिक्कतों का सामना करना ना पड़ें।

### दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता 22 नवम्बर से

कवर्धा। जिले में 24वी छत्तीसगढ़ राज्य जूनियर बालक बालिका कबड्डी चैम्पियनशिप का आयोजन 22 से 24 नवम्बर तक दो दिवसीय पी जी कॉलेज मैदान में आयोजत किया जाएगा। जिसमें जिले सहित आसपास क्षेत्र के कबड्डी खिलाड़ी टीम बढ़-चढ़कर हिस्सा लेगें। वही विजय प्रतिभागीय टीम को विशेष पुरस्कृत किया जाएगा। कबीरधाम जिले में 24वीं कबड्डी चैम्पियनशिप को लेकर खिलाड़ियों में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## जिले के सात खिलाड़ियों का राष्ट्रीय वॉलीबाल शालेय स्पर्धा के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा





जिला व्हॉलीबॉल संघ कबीरधाम से इस वर्ष शालेय क्रीड़ा में राष्ट्रीय स्तर में चयनित हुए खिलाड़ी जो राज्य स्तरीय में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित खिलाड़ी जूनियर वर्ग में आदित्य मेरावी होली क्रॉस स्कूल प्रिंसी पनागर अशोक पब्लिक स्कूल जो उत्तर प्रदेश (बरेली)गए थे, बालक वर्ग में प्री-क्वॉटर तक पहुंचे वही मिनी वर्ग में बालक हर्षित माड़वी, नवदीप सेजस, अर्श खान, होली किंगडम स्कूल बालिका में आर्य राजपूत सेजस, अनामिका सेजस नवीन स्कूल जो उत्तर प्रदेश (वाराणसी) के लिए जाएंगे सिनियर वर्ग में महेश निषाद ख़रहट्टा स्कूल से राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता सीनियर वर्ग रायगढ़ में हुआ था, जिसमें जिला व्हॉलीबॉल संघ से लक्ष्मी साहू प्रतिनिधित्व की और जूनियर वर्ग का राज्य स्तरीय कबीरधाम में हुआ था। जिसमें मिनी वर्ग में बालक हर्षित माड़वी, अर्श खान, नवदीप, यमन व सार्थक तिवारी बालिका वर्ग में आर्य राजपूत, अनामिका, आलिया खान, भावया झरिया वहीं जूनियर वर्ग में बालक आदित्य मेरावी, शेख उबेद, शेख सैयद बालिका वर्ग में प्रिंसि पनागर, रिया साहू, नूपुर चंद्रवंशी, दीक्षा चौहान इसी प्रकार हर वर्ष यहां से 14 से 15 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर चयन होते हैं, जिस पर जिला व्हॉलीबॉल संघ सचिव विजय चंद्रवंशी व प्रशिक्षण साजिद खान व कुमार चंद्रवंशी, जगतारण झरिया खिलाड़ियों को सुबह-शाम अभ्यास करते हैं, त्योहारों में भी उत्साह के साथ परिवार जैसे सभी त्योहार को मनाया जाता है जिला व्हॉलीबॉल संघ के पदआधिकारी पूर्वखिलाड़ी इनके द्वारा भी समय-समय में मार्गदर्शन व सहयोग मिलते रहते हैं जोइसे बच्चों को मोटिवेशन मिलते रहता है सभी की उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

Gomti THRESHERS
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### जितेंद्र बने बॉडी बिल्डर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश बॉडी बिल्डर्स एसोसिएशन के नए पदाधिकारियों का चुनाव गत 16 नवंबर को भिलाई में आयोजित किया गया था। जिसमे कबीरधाम जिले से जितेंद्र सिंह ठाकुर को निर्विरोध प्रदेश उपाध्यक्ष के पद हेतु चुना गया है। साथ ही एसोसिएशन के नए पदाधिकारियों में अध्यक्ष महेंद्र कुमार टेकाम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविन्द सिंह, बी. राजशेखर राव, सचिव पीआर सुभाष कुमार बिलासपुर, कोषाध्यक्ष तुलसी प्रसाद सोनी दुर्ग, को चुना गया है।

# बदराडीह में बनेगा मिनी स्टेडियम, युवाओं को प्रतियोगिताओं का हिस्सा बनने का मिलेगा मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा क्षेत्र के समुचित विकास के लिए की गई घोषणाओं पर तेजी से अमल किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान स्थानीय नागरिकों की मांगों को ध्यान में रखते हुए सीसी रोड, नाली, मिनी स्टेडियम, मंच निर्माण और बोर खनन सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की घोषणा की गई थी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से इन कार्यां के लिए जल्द ही मंजूरी मिल गई है। स्वीकृति मिलते ही कार्यों का भूमिपूजन प्रारंभ हो गया है। आज कवर्धा विकासखंड के ग्राम बदराडीह में 51 लाख 60 हजार रूपए की लगात से मिनी स्टेडियम कार्य का भूमिपूजन किया गया। मिनी स्टेडियम कार्य के भूमिपूजन क्षेत्र के स्थानीय युवा और जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया, जो विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता और जनसरोकारों को दर्शाता है।

कबीरधाम जिले के कवर्धा विकासखंड के ग्राम बदराडीह में 51 लाख 60 हजार रुपए की लागत से मिनी स्टेडियम का भूमिपूजन किया गया। यह स्टेडियम स्थानीय युवाओं को खेल-कूद और शारीरिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधा प्रदान करेगा। इससे पहले ग्राम नेउरगांव कला में 10 लाख रूपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत मड़मड़ा और भगूटोला में 25-25 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड़, नाली निर्माण सहित अन्य कार्यों का भूमिपूजन किया गया है। ग्राम बदराडीह में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में चंदन पटेल, परेटन वर्मा, पंचराम कोसले, नरेंद्र मानिकपुरी, मुकेश पटेल, सुंदर कौशिक, बलि पटेल, बुड्डु पटेल, फिरंगी पटेल, राजेंद्र पटेल, तिजराम पटेल, मोहन पटेल, विष्णु मरावी, लेखराम यादव, रोशन पटेल, प्रीतम जायसवाल, नितिन चंद्रवंशी सहित एसआई में चयनित क्षेत्र के स्थानीय युवा, ग्रामीणजन और जनप्रतिनिधियों उपस्थित थे।

**युवा व जनप्रतिनिधियों ने किया भूमिपूजन**



### युवाओं के विकास और समग्र समाज के लिए एक नई पहल

मिनी स्टेडियम के निर्माण हो जाने से विभिन्न खेलों के लिए उचित सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे युवाओं को अपनी खेल क्षमताओं को निखारने का मौका मिलेगा। मिनी स्टेडियम के निर्माण से युवाओं को स्थानीय स्तर पर प्रतियोगिताओं का हिस्सा बनने का अवसर मिलेगा, जो उनके करियर की दिशा तय करने में मदद कर सकता है। इससे शारीरिक फिटनेस भी बेहतर होगी। खेलों को बढ़ावा देने से समाज में एक सकारात्मक वातावरण बनेगा और युवाओं में अनुशासन, टीमवर्क, और नेतृत्व जैसे गुण विकसित होंगे। मिनी स्टेडियम का निर्माण युवाओं के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस सौगात पर क्षेत्रीयवासियों ने शासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

**सवाल:** तो क्या भ्रष्टाचारियों को मिल रहा अब भी संरक्षण?

# एक के बाद एक अनियमितता की खुल रही पोल, पर कार्रवाई शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कांग्रेस शासनकाल के दौरान जिला मुख्यालय कवर्धा में संचालित पीजी कॉलेज के जनभागीदारी शुल्क में लाखों की गड़बड़ी से लेकर बोड़ला ब्लाक मुख्यालय में संचालित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में बैंक कर्मियों तथा दलालों के माध्यम से क्षेत्र के बैगा आदिवासियों के नाम पर फर्जी ढंग से लोन जारी कर लाखों की राशि गबन करने जैसे मामले हाल ही में सामने आए हैं। इससे यह तो साफ हो रहा है कि कांग्रेस शासनकाल में शासन-प्रशासन की नाक के नीचे लाखों की अनियमितता होती रही। लेकिन किसी को भनक तक नहीं लगी। पर अब जब सत्ता सरकार बदल चुकी है और लाखों के भ्रष्टाचार के ये मामले सामने आ रहे हैं, तब होना ये चाहिए की इन भ्रष्टाचार को अंजाम देने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए, लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि भाजपा की सरकार भी भ्रष्टाचार के इन मामलों में गंभीरता नहीं दिखा रही है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में जिला मुख्यालय कवर्धा में संचालित पीजी कॉलेज में जनभागीदारी शुल्क की राशि में करीब 50 लाख रूपए की गड़बड़ी का मामला सामने आया है, इस राशि का हिसाब किताब गायब है। स्थिति ये है कि वर्तमान में कॉलेज प्रशासन के पास इतनी बड़ी खर्च की गई राशि का कोई प्रमाणित ब्यौरा तक नहीं है। बताया जाता है कि अधिकांश लेनदेन या तो फोन पे के माध्यम से कर दिए गए हैं या फिर नगदी भुगतान कर दिया गया है, जबकि सरकारी संस्थान में इस तरह का लेनदेन वैध नहीं माना जाता। महाविद्यालयीन छात्रों से वसूले जा रहे जनभागीदारी शुल्क में बीते दो वर्षों से की जा रही इस तरह की गड़बड़ी का मामला इसी महिने सामने आया है। जिसके बाद से मामला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। इसकी शिकायत महाविद्यालय के वर्तमान जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष द्वारा जिला प्रशासन से लेकर आयुक्त तक से की जा चुकी है। लेकिन हैरानी की बात है कि अभी तक प्रशासन द्वारा मामले की जांच के लिए एक जांच समिति तक का गठन नहीं किया गया है इस संबंध में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. बीएस चौहान ने जरूर बताया है कि कॉलेज प्रशासन द्वारा मामले की जांच के लिए एक समिति का गठन किया गया है जो अपनी जांच कर रही है।

लेकिन यह भी विचारणीय है कि जिस कॉलेज प्रशासन पर खुद भ्रष्टाचार का आरोप है वह भला अपने ही आरोपों की क्या जांच और क्या कार्यवाही करेगी।

**लोगों द्वारा उठाए जा रहे सवाल**




जिला मुख्यालय के पीजी कॉलेज में महाविद्यालय और अध्यनरत छात्रों के विकास के लिए वसूली गई राशि में लाखों का भ्रष्टाचार और बोड़ला के जिला सहकारी केन्द्र बैंक में भोले भाले बैगा आदिवासी किसानो को फर्जी ढंग से लाखों का कर्जदार बनाकर सरकारी रकम का गबन करने वाले भ्रष्टाचारियों पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही न होते देख लोगों द्वारा अब सवाल खड़े किए जा रहे हैं कि क्या कांग्रेस शासनकाल में किए गए इन भ्रष्टाचार में लिप्त भ्रष्टाचारियों को अब भाजपा शासनकाल में संरक्षण दिया जा रहा है, या फिर इन्हें सत्ताधारियों ने अपनी दुधारू गाय बना लिया है।

### बोड़ला क्षेत्र के बैगा आदिवासियों के नाम से लाखों का ऋण पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कुछ ऐसा ही फर्जीबाड़ा और लाखों की राशि का गबन किए जाने का मामला जिले के विकासखण्ड बोड़ला में संचालित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से भी सामने आया है। बताया जाता है कि यहां सालभर पूर्व कांग्रेस शासनकाल में बैंक कर्मियों और कुछ दलालों ने इस मंशा से क्षेत्र के ग्राम कुकरापानी, तरेगांव जंगल, कोटनापानी सहित अन्य ग्रामों में निवासरत बैगा आदिवासी किसानो के नाम से कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर ऋण पास कराया था कि पुनः कांग्रेस की सरकार आने पर किसानो का कर्ज माफ किया जाएगा और मामला आया गया हो जाएगा। लेकिन करीब 50 लाख रूपए के भ्रष्टाचार और गबन को अंजाम देने वाले भ्रष्टाचारियों के मनसूबों पर पानी फिर गया और भाजपा की सरकार आ गई तथा मामला उजागर हो गया। पर मामले के उजागर होने के बाद भी जिस ढंग से शासन-प्रशासन का रवैया देखने को मिल रहा है उससे लगता है कि इन भ्रष्टाचारियों को कोई ज्यादा फर्क नहीं पड़ने वाला नहीं है। क्योंकि इस मामले में भी अभी तक कोई जांच की बात सामने नहीं आई है।

# केन केरियर पूजा कर विधायक ने किया कारखाना में गन्ना खरीदी व पेराई सत्र का श्री गणेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, पंडरिया में गन्ना खरीदी और पेराई सत्र का विधिवत शुभारंभ पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने किया। इस दौरान कारखाना के प्रबंध संचालक उत्तर कुमार कौशिक ने केन केरियर और भगवान सत्यनारायण की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने क्षेत्र के सभी किसानों को गन्ना खरीदी सत्र की शुरुआत पर बधाई दी। उन्होंने कहा, यह दिन किसानों के लिए खुशियों का दिन है, क्योंकि इस बार खरीदी और पेराई की प्रक्रिया को पहले से बेहतर बनाते हुए पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। किसानों को अपनी फसल को सहजता से बेचने में कोई कठिनाई नहीं होगी। विधायक ने कारखाना प्रबंधन और प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्थाओं की सराहना की और कहा, किसानों को सुविधाजनक तरीके से अपनी फसल बेचने के लिए कारखाने ने सभी जरूरी कदम उठाए हैं, जिससे उनका समय और श्रम बच सके। विधायक ने यह भी बताया कि डबल इंजन सरकार किसानों के कल्याण के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होंने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार की ओर से गन्ना किसानों को पहले की बकाया राशि का समय पर भुगतान करने और दीपावली से पूर्व गन्ना प्रोत्साहन राशि और रिकवरी राशि देने की सराहना की। सरकार ने हमेशा किसानों के हित में कार्य किया है और इस बार भी किसानों को उनके अधिकारों का पूरा भुगतान किया गया है। सरकार की योजनाओं से किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त करने में मदद मिल रही है। इस आयोजन में पाण्डातराई मण्डल अध्यक्ष, पाण्डातराई नगर पंचायत अध्यक्ष, पाण्डातराई मण्डल महामंत्री, पूर्व पाण्डातराई मण्डल अध्यक्ष, पंडरिया क्षेत्र के कृषकगण और कारखाना के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# कवर्धा में राज्य स्तरीय महर्षि कश्यप जयंती 20 नवम्बर को

- विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे मुख्य अतिथि, विजय शर्मा भी रहेंगे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ कसौधन वैश्य गुप्ता समाज के तत्वाधान में 20 नवंबर को कवर्धा में धूमधाम से श्री कश्यप ऋषि जयंती समारोह मनाने की तैयारी पूरे जोर शोर चल रही है।



यह कार्यक्रक्रम प्रदेश स्तरीय गुप्ता समाज के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। गुप्ता समाज प्रमुख ने बताया की इस बार पूरे छत्तीसगढ़ गुप्ता समाज के द्वारा कवर्धा में श्री कश्यप ऋषि जयंती समारोह मनाने का फैसला लिया गया था जिससे पूरे समाज के लोगों में हर्ष का माहौल देखा जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पांण्डेय एवं विधायक तखतपुर धर्मजीत सिंह, पंडरिया विधायक भावना बोहरा करेंगी। समाज से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 20 नवम्बर को दोपहर 12.30 बजे से गुप्ता सामाजिक भवन से महर्षि कश्यप ऋषि की शोभायात्रा प्रारंभ होगी।

शोभा यात्रा गुप्ता सामाजिक भवन से प्रारंभ होकर करपात्री चौक, सराफा लाइन, मेन मार्केट, गुरु नानक गेट, सिग्नल चौक, गायत्री मंदिर से होते हुए महामाया मंदिर पहुंचेगी। जहां शोभा यात्रा का समापन किया जाएगा। तत्पश्चात महामाया मंदिर से स्पेशल बस द्वारा सभी सामाजिक बंधुओं को कार्यक्रम स्थल जी श्याम पैलेस तक पहुंचाया जाएगा।

कार्यक्रम स्थल में अतिथियों का स्वागत उद्बोधन सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्मान समारोह तथा सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होगा।

# नव नियुक्त अध्यक्ष ने किया धान खरीदी का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवगोड़ान

सेवा सहकारी समिति कोदवा गोडान के नवनियुक्त अध्यक्ष राजेंद्र साहू के हाथों आज स्थानीय धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर समिति प्रबंधक एवं केंद्र प्रभारी रमाशंकर चंद्राकर, कंप्यूटर आपरेटर कुलदीप चंद्राकर, गुड्डा यादव सहित स्थानीय सरपंच सरोज धुर्वे, जनपद सदस्य सुखदेव ध्रुव, पत्रकार रविनंदन पांडेय, कलेश राठौर, थानू बंजारे, कलेश साहू एवम बड़ी संख्या में किसान व ग्रामवासी उपस्थित थे। अध्यक्ष द्वारा जहां धान तौल के उपकरणों और अन्नदेवता की पूजा अर्चना की वहीं धान बेचने आए किसानों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया। आपरेटर कुलदीप चंद्राकर से मिली जानकारी के अनुसार धान खरीदी के पहले दिन आज यहां पांच किसानों से 494 क्विंटल धान की आवक दर्ज की गई है।

# छत्तीसगढ़ कलाकार विकास संघ गठित, सनी बने जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लोक कलाकारों के समग्र विकास के लिए छत्तीसगढ़ कलाकार विकास संघ का पूरे प्रदेश गठन कर पदाधिकारियों का मनोनयन संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष व सुप्रसिद्ध लोक कलाकार नवलदास मानिकपुरी द्वारा किया है। इसी तारतम्य में कवर्धा जिला अध्यक्ष के रुप में सनी पांडेय को मनोनीत किया गया है। छत्तीसगढ़ ही नहीं अपितु पूरे देश में सुविख्यात कबीर भजन गायक, छत्तीसगढ़ी फीचर फिल्मों के गीतकार, संगीतकार व गायक नवलदास मानिकपुरी ने बताया कि संगठन के माध्यम से कलाकारों को संगठित कर विकास के क्रम से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने जिला पदाधिकारियों की घोषणा की। कबीरधाम जिला के पदाधिकारियों में सुप्रसिद्ध गायक गीतकार संगीतकार लोक कलाकार सनी पांडेय जिला अध्यक्ष बनाए गए है। इसी प्रकार अन्य पदाधिकारियों में कलाकार संतोष साहू उपाध्यक्ष, अलखा राम साहू कोषाध्यक्ष, रामकृपाल सिरश्याम जिला संयोजक, पुष्पेन्द्र पांडेय सचिव, रफीक खान सह सचिव के रुप में नियुक्त किया गया हैं। जिला अध्यक्ष सनी पांडेय और प्रदेशाध्यक्ष नवलदास मानिकपुरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में अनगिनत सभी विधा के प्रतिभावान लोक कलाकार हैं लेकिन हम लोक कलाकारों की पूछपरख नहीं हो रही है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद हम सभी कलाकारों के मन में एक उम्मीद जगी थी और हम सभी कलाकार एक सपना देख रहे थे कि अब हमारे जीवन में भी एक नया सबेरा आयेगा, लेकिन हमारा सपना धरा का धरा ही रह गया है। आज भी हम कलाकारों की दयनीय दशा में सुधार नहीं आया। यहीं वजह की अब सभी कलाकारों को एक जुट किया गया है।





**जनपद पंचायत कवर्धा के ग्राम पंचायत नेवारी एवं रेंगाखार खुर्द को मिली सौगातें**

# 9 लाख के विभिन्न निर्माण कार्यों का किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जनपद पंचायत कवर्धा क्षेत्र क्रमांक 23 के आश्रित ग्राम पंचायत नेवारी एवं रेंगाखार खुर्द में बीते रविवार को जनपद के पंद्रहवें वित्त एवं जनपद निधि से विभिन्न निर्माण कार्यों का श्रीमती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी अध्यक्ष एवं श्रीमती मीनाक्षी आसकरण धुर्वे जनपद सदस्य ने भूमिपूजन किया। इस संबंध में कुंभकरण सिंह गोंड पूर्व जनपद सदस्य ने बताया कि ग्रामीणों के विशेष जरूरत को ध्यान में रखते हुए जनपद सदस्य श्रीमती मीनाक्षी धुर्वे ने आवश्यकता को प्राथमिकता देते हुए ग्राम पंचायत रेंगाखार खुर्द में नलकूप खनन, अमित पटेल के घर के पास 0.83 लाख रूपए, मुक्तिधाम रेंगाखार के पास खनन एवं हैंडपंप निर्माण 1.20 लाख रूपए, नदी के किनारे सांस्कृतिक मंच निर्माण 2.00 लाख रूपए तथा ग्राम पंचायत नेवारी में क्षत्रिय भवन में नलकूप खनन हेतु 0.83 लाख रूपए, सतनामी पारा इंदिरा आवास में नलकूप खनन 0.83 लाख रूपए, मुक्तिधाम नेवारी में नलकूप खनन व हैंडपंप निर्माण 1.20 लाख रूपए, सांस्कृतिक मंच निर्माण 2.00 लाख रूपए, इस प्रकार कुल 9.00 लाख रूपए की राशि की लागत से उपरोक्त कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

उक्त महत्वपूर्ण कार्यों से ग्रामीणों को सीधे लाभ होगा। इस अवसर पर श्रीमती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी जनपद अध्यक्ष, श्रीमती मीनाक्षी आसकरण धुर्वे जनपद सदस्य, विजय बाचकर सरपंच रेंगाखार खुर्द, नंदराम पाटिल सरपंच नेवारी, शत्रुघन मिरज उप सरपंच, बीर सिंह ठाकुर, कृष्ण दयाल श्रीमती शशि चंद्राकर सचिव, रोजगार सहायक रिद्धरम धुर्वे, सेवा पात्रे, मोहन पटेल, कमल डहरिया, शिवकुमार पटेल, बंशी घोंसले, कलाराम लांझी, नोहरी पटेल, अलखू लांझी, रामकुमार पनागर, गेंदालाल बाचकर चैन बाचकर,चैतू कुर्रे, सीताराम हठीले, आशाराम बाचकर, संजय बाचकर, रामफूलिया पनागर, रामेश्वरी बाचकर रुकमणि हठीले सुमित्रा बाचकर, विशाखा लांझी, लक्ष्मी बाचकर, दीपा बाचकर, दसोदा घोंसले, नीरा हठीले, धनेश्वर लांझी, दिनेश बाचकर, राजू हठीले, सुमन बंधेकर, प्रेमा पात्र, प्रदीप धुर्वे, राहुल ठाकुर, ओमेश्वर ठाकुर, ऋ षिकेश ठाकुर, संतोष ठाकुर, लकी नेताम, रितेश ठाकुर, गजेन्द्र ठाकुर, मुक्कू ठाकुर सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# जिले के 15 विपत्तिग्रस्त परिवारों को 60 लाख की आर्थिक सहायता की गई मंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत 15 विपत्तिग्रस्त परिवारों को 60 लाख रूपए की आर्थिक अनुदान सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की है। इस प्रकरण के तहत विपत्तिग्रस्त परिवारों के चार-चार लाख रूपए दी जाएगी। इसके तहत ग्राम शीतलपानी निवासी रतिराम धुर्वे की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नि संतोबाई को, ग्राम जामुनपानी निवासी अमृत को आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नी पांचोबाई को, सुखचैन धुर्वे की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नि सुशीला धुर्वे को, ग्राम राली निवासी पुष्पा मरकाम की की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता फुलचंद मरकाम को, ग्राम राजाढ़ार निवासी ओमजी बैगा की नदी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता हिरालाल बैगा को, ग्राम दलदली निवासी नंदेश्वर की पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नि दामिनी को, ग्राम तरेगांव निवासी बैसाखिन बाई की पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पुत्री सुशीला को ग्राम तितरी निवासी जितेन्द्र की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नि हेमलता को, ग्राम मुड़घुसरी निवासी दुजिया बाई की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पति नंदूराम साहू को, ग्राम गुडली निवासी सायरा की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके मां रामबाई को, ग्राम भेड़ागढ़ निवासी मायरा की पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता अनुज को ग्राम नवघटा निवासी भनुप्रताप की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता रामाधार को, ग्राम सिंघौरी निवासी हेमलाल की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नि श्रीमती रानी साहू को, ग्राम पिपरिया निवासी चंद्रिका साहू की आग में जलने से मौत हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पुत्र विक्रम साहू और कवर्धा निवासी अशोक यादव की नदी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नि सरोजनी यादव को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।